RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच


पेज 7 चुनौती देने जा रही हूं ....

वर्ष : 26 अंक : 333 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 24 नवंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

### संभल जामा मस्जिद विवाद

# भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव दर्जनों वाहन फूंके, एक की मौत





**संभल (एजेंसी)।** संभल में जामा मस्जिद पर दोबारा सर्वे को लेकर हुए पर विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। सर्वे के दौरान नाराज भीड़ ने पुलिस पर पथराव और आगजनी कर दी जिससे हालात बेकाबू हो गए। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने और लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना में बीस से अधिक पुलिस कर्मी और कई लोग चोटिल हो गए। एक युवक की मौत की खबर है। भीड़ ने दस से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

रविवार सुबह संभल के डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ सर्वेक्षण टीम जामा मस्जिद पहुंची। कोर्ट कमिश्नर रमेश राधव की अगुवाई में टीम ने मस्जिद के अंदर सर्वे का कार्य शुरू किया। जैसे ही स्थानीय लोगों को सर्वे की जानकारी मिली, नाराज मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मस्जिद के बाहर जमा हो गए।

मुस्लिम समाज ने सुबह-सुबह और छुट्टी के दिन सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई। जल्द ही मस्जिद के बाहर करीब एक हजार लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ ने पुलिस को मस्जिद के अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। पुलिस के समझाने पर भी लोग नहीं माने और हंगामा करने लगे। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब भीड़ ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें एसपी के पीआरओ भी शामिल हैं। पथराव के बाद भीड़ ने सड़क पर आगजनी कर माहौल और खराब कर दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न, बांटी मिठाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव एवं यूपी के उप चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत



पर सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कैलाश अस्पताल में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

डॉ महेश शर्मा ने इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया जिनके नेतृत्व में आज भाजपा पूरे भारत में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने महाराष्ट्र की जानता का भी धन्यवाद दिया जिन्होंने भाजपा और उसके गठबंधन में पूर्ण विश्वास दिखाया।

इस मौके पर जुगराज चौहान, योगेंद्र चौधरी, भाजपा के महानगर महामंत्री उमेश त्यागी, तथा गणेश जाटव, युद्धवीर चौहान, महेश अवाना, गिरीश कोटनाला, विनोद शर्मा, प्रमोद बहाल, एस.पी.चमोली, शारदा चतुर्वेदी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश यादव,भाजयुमो के अध्यक्ष रामनिवास यादव, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर लोकेश कश्यप, प्रदीप चौहान, सत्यनारायण महावार ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## 'मन की बात' में मोदी ने युवाओं से की एनसीसी से जुड़ने की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें




एपिसोड को संबोधित किया। इसमें पीएम मोदी ने युवाओं से एनसीसी से जुड़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज एनसीसी दिवस है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद एनसीसी का कैडेट रहा हूं और इसके अनुभव मेरे लिए अनमोल हैं। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। देश में कहीं भी आपदा होने पर एनसीसी कैडेट आगे बढ़कर मदद करते हैं।'

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि 'हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश युवा दिवस मनाता है। अगले साल स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है। इसे खास तरीके से मनाया जाएगा और 11-12 जनवरी को दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जाएगा।' पीएम मोदी ने कहा कि 'मैंने लाल किले की प्राचीर से ऐसे युवाओं से राजनीति में आने का आहवान किया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### विदेश में रह रहे भारतीयों की तारीफ की

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कैरेबियाई देशों का दौरा किया था। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि कैरेबियाई देश गुयाना में भी मिनी भारत बसता है। भारत से सैंकड़ों वर्षों पहले लोगों को खेती, मजदूरी के लिए गुयाना ले जाया गया था और आज वहां भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे हैं। गुयाना की तरह ही दुनिया के कई देशों में भारतीय गए और उन्होंने वहां अपनी पहचान बनाई। ओमान में भी कई भारतीय शताब्दियों से रह रहे हैं और व्यापार जगत में अपनी जगह बनाई। आज वे ओमान के नागरिक हैं, लेकिन उनकी रग-रग में भारतीयता बसी है।

## संसद सत्र पर सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने अदाणी केस, मणिपुर हिंसा पर की चर्चा की मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत होने वाली है, उससे पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए पार्टियों के बीच सहमति बनाने की कोशिश की गई। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की। इससे साफ है कि विपक्ष शीतकालीन सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगा, जिससे संसद सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव में जीत के बाद यकीनन सत्ताधारी भाजपा को थोड़ा आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा

## जगद्गुरू कृपालु महाराज की बेटियों का एक्सीडेंट, बड़ी बेटी की मौत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर आठ किलोमीटर के बोर्ड के पास रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हादसे में मरने वाली महिला विशाखा त्रिपाठी भक्ति धाम मनगढ़ कुंडा व प्रेम मंदिर वृंदावन के संस्थापक जगद्गुरू कृपालु जी महाराज जी की बेटी है।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि आगरा से नोएडा की तरफ जा रहे एक कैंटर नंबर (यूपी 80 एफटी 5477) ने तेज गति के कारण नियंत्रण खोते हुए दो कारों (यूपी 72 बीएक्स 7148 इनोवा हायक्रॉस और (डीएल 7 सीवी 3044) टोयोटा केमरी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मरने वाली महिला विशाखा त्रिपाठी भक्ति धाम मनगढ़ कुंडा व प्रेम मंदिर वृंदावन के संस्थापक जगद्गुरू कृपालु महाराज की बेटी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## निर्माणाधीन पुल से नदी में गिरी कार, तीन की मौत

**बरेली (एजेंसी)।** बरेली जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है।



फरीदपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी पर फरीदपुर-बदायूं के दातागंज को जोड़ने वाले अधूरे पड़े पुल से टैक्सी परमिट की कार नीचे जा गिरी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की बताई गई है।

खल्लपुर गांव के लोग रविवार सुबह रामगंगा के किनारे पहुंचे तो उन्होंने कार को पड़ा देखा। कार सवार तीनों लोगों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने ही पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग गूगल मैप के सहारे दातागंज की तरफ से खल्लपुर होते हुए फरीदपुर आ रहे थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गौतमबुद्धनगर में धारा-163 लागू, पुलिस की रहेगी नजर

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट द्वारा बीएनएस की धारा 163 (पूर्व में धारा




144) लागू कर दी गई है। धारा 163 24 नवम्बर से 26 नवम्बर तक लागू रहेगी। कमिश्नरेट से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि 24 नवम्बर को CAT 2024 परीक्षा, 25 और 26 नवम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा गौतमबुद्धनगर के आह्वान पर की जाने वाली महापंचायत को लेकर धारा 163 बीएनएसएस लागू की जाती है। इसका प्रभाव अगले तीन दिनों तक रहेगा। इस दौरान गौतमबुद्धनगर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी रहेगी। माहौल खराब करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

धारा 163 के तहत लागू निषेधाज्ञा अवधि के दौरान बिना अनुमति के पांच या उससे अधिक लोग एकत्र नहीं हो सकेंगे। इसके साथ ही जुलूस निकालने पर भी रोक रहेगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उपचुनाव नतीजे से भाजपा-सपा को मिला सबक

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव परिणाम ने सपा और



भाजपा को कई सबक सिखा गए। करहल और कुंदरकी में भाजपा जहां वोटबैंक बढ़ाने में कामयाब रही, वहीं गाजियाबाद और मझवां में जीत दोहराने के बावजूद घटे वोटबैंक ने उसके लिए चुनौती बढ़ा दी है। दूसरी ओर सपा भले ही करहल और सीसामऊ सीट बचाने में कामयाब रही हो, लेकिन घटा वोटबैंक उसके लिए भी खतरे की घंटी है।

**गाजियाबाद : भाजपा जीती, पर वोट घटा**

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 150205 वोट मिले थे, सपा को 44688 और कांग्रेस को 11818 वोट मिले थे। बीते लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा का वोट घटकर 137206 पर पहुंच गया, कांग्रेस ने बढ़त के साथ 73950 वोट हासिल किए थे। उपचुनाव में भी भाजपा का वोट घटने का सिलसिला जारी रहा और उसे 96946 मत मिले। सपा को सिर्फ 27595 वोट मिले। इसकी बड़ी वजह दलों में उत्साह की कमी मानी जा रही है।

**करहल : जीत के बाद भी सपा की चुनौती बढ़ी**

करहल में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान सपा को 148196 वोट और भाजपा को 80692 वोट मिले थे। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद लोकसभा के उपचुनाव में सपा को 140578 और भाजपा को 65116 वोट मिले थे। बीते लोकसभा चुनाव में सपा का वोट घटकर 134049 पर पहुंच गया और भाजपा को 75509 वोट मिले। उपचुनाव में सपा गढ़ बचाने में कामयाब रही, लेकिन उसका वोट घटकर 104304 रह गया। वहीं, भाजपा ने बढ़त के साथ 89579 मत हासिल किए। इसकी बड़ी वजह यादव वोटबैंक में सेंधमारी मानी जा रही है।

कटेहरी : कारगर रही भगवा गोलबंदी

कटेहरी में वर्ष 2022 के चुनाव में सपा को 93524 वोट मिले थे, जबकि भाजपा-निषाद पार्टी को 85824 मत मिले। बीते लोकसभा चुनाव में सपा को भाजपा से करीब 17 हजार वोट ज्यादा मिले थे। उपचुनाव में भाजपा का वोट बढ़कर 104091 पर पहुंच गया तो सपा घटकर 69577 पर सिमट गई। इसकी मूल वजह सपा के अंदरखाने सामंजस्य न होना और निषाद वोटों की लामबंदी मानी जा रही है।

**फूलपुर : वोट घटा, फिर भी खिला फूल**

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर विधानसभा सीट पर भाजपा को 110137 और सपा को 99553 वोट मिले थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 103557 और सपा को 100825 वोट मिले। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा का वोटबैंक घटकर 89650 पर पहुंच गया जबकि सपा को 107510 वोट मिले। पर, उपचुनाव में भाजपा का वोट गिरकर 78289 पर पहुंच गया और सपा सिर्फ



66984 वोट हासिल कर पाई। यहां दोनों दलों का वोट गिरा है। भाजपा कमल खिलाने में कामयाब रही।

**खैर : कारगर रही जाट वोटों की लामबंदी**

खैर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 के चुनाव में भाजपा को 139643 और (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कड़कड़डूमा कोर्ट कर्मी की हत्या

**बागपत (एजेंसी)।** बागपत स्थित छपरौली के शेरपुर लुहारा गांव में कड़कड़डूमा कोर्ट के कर्मचारी धरमेश्वर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि उनके भाई को भी गोली लगी है। बचाव में आए परिवार के सात लोग घायल हो गए।

शामली के ग्रीन सिटी मैरिज होम में डीजे पर डांस करने को लेकर धरमेश्वर के परिवार का दूसरे पक्ष से विवाद हो गया था। इसके बाद जमकर मारपीट हुई थी। शाम इस विवाद में रविवार रात डेढ़ बजे गाजियाबाद के सीकरी गांव के 20-25 लोग चार गाड़ियों में आए और धर्मेश्वर के घर पर हमला कर दिया। अंधाधुंध फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। गोली लगने से धर्मेश्वर की मौत हो गई, जबकि उसके बेटे अनमोल और अनुराग, धर्मेश्वर के बड़े भाई परमेश्वर के बेटे कार्तिक, अनुराग के फूफा अरुण का बेटा हर्ष, दादी बिरमती समेत


फाइल फोटो

सात लोग घायल हो गए।

वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची छपरौली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस सनसनीखेज वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## अडानी का घेराव

न्यू यॉर्क फेडरल कोर्ट ने भारत के शीर्षस्थ उद्योगपति गौतम अडाणी और 7 अन्य आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं। अमरीकी निवेशकों, एजेंसियों और बैंकों को गुमराह करने, बेईमानी करने, धोखा देने और भारत में करीब 2200 करोड़ रुपए की घूसखोरी को छिपाने सरीखे गंभीर आरोप अडाणी समूह पर हैं। हालांकि समूह ने आरोपों को गलत और बेबुनियाद करार दिया है, लेकिन यही पर्याप्त नहीं है। अमरीकी कानून और न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के नियमानुसार ये बेहद गंभीर अपराध हैं। अडाणी समूह की कुछ कंपनियां न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भी सूचीबद्ध हैं। चूंकि सौर ऊर्जा के भारत सरकार के अनुबंध के लिए अडाणी समूह ने अमरीकी बाजार और बैंकों से करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाए थे। उसी में से 26.5 करोड़ डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों को कथित रूप से घूस दी गई, ताकि इन राज्य सरकारों से सौर ऊर्जा के अनुबंध हासिल किए जा सकें। रिश्वत और ठेकेदारी के इस खेल में अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ मॉरीशस की भी एक कंपनी थी, जिन्हें 'सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' (सेकी) का 12 गीगावॉट अर्थात 12,000 मेगावॉट सौर ऊर्जा का ठेका मिला था। चूंकि ऊर्जा महंगी थी, लिहाजा राज्य सरकारें उसे खरीद नहीं पा रही थीं। सौदेबाजी के लिए घूस दी गई, यह आरोप है। समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने 2021 में आंध्रप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से मुलाकात की थी और राज्य सरकार 7000 मेगावॉट बिजली खरीदने को राजी हुई थी। ओडिशा ने भी 500 मेगावॉट बिजली खरीदी थी। जिन सरकारों के साथ अडाणी समूह ने करार किए थे, वहां तब विपक्ष की सरकारें थीं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन था, लेकिन तब भी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ही थे। बहरहाल अब अडाणी को अमरीकी अदालत के कठघरे में पहुंच कर अथवा अपने वकीलों के जरिए अपना पक्ष रखना होगा। अदालत से जमानत या मामला खत्म करने की गुहार लगानी होगी। यह ऐसी कोर्ट है, जिसमें निर्वाचित अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी हाजिर होना पड़ा था। यदि अडाणी को फेडरल कोर्ट में राहत नहीं मिलती है, तो आरोपित वहां की सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। अलबत्ता कोर्ट के मुताबिक, अभी अडाणी और अन्य आरोपित 'दोषी' नहीं हैं। अब मामला अमरीकी अदालत में है, लेकिन यह खबर सामने आते ही भारतीय शेयर बाजार और राजनीति में 'भूचाल' आ गया। एक ही दिन में निवेशकों के 5.35 लाख करोड़ रुपए डूब गए और अडाणी समूह को भी करीब 2.20 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अमीरों की वैश्विक सूची में गौतम अडाणी 25वें स्थान तक लुढ ? गए। यह जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग रपट के बाद हुए घाटे से तिगुना नुकसान है। अडाणी समूह के लिए यह सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय झटका है कि केन्या ने 700 मिलियन डॉलर (करीब 6000 करोड़ रुपए) के ऊर्जा करार रद्द कर दिए। वहां के राष्ट्रपति विलियम रुतो ने नैरोबी एयरपोर्ट की लीज डील भी खारिज कर दी। अडाणी समूह को ऐसे और भी झटके लग सकते हैं। भारत में सियासत में उबाल यहां तक आया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गौतम अडाणी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। यही नहीं, विपक्ष ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने का भी आग्रह किया है। अब 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र आरंभ हो रहा है, लिहाजा स्वाभाविक है कि विपक्ष इस मुद्दे पर शोर मचाएगा। सदन में हंगामा भी मच सकता है। बुनियादी तौर पर देखा जाए, तो अडाणी पर भारत में ही घूसखोरी के आरोप हैं, लिहाजा न्याय के लिए सरकार को हरेक कदम उठाने चाहिए। सवाल यह है कि राहुल गांधी ने इस मामले में भी अडाणी के साथ प्रधानमंत्री मोदी का भी नाम जोड़ दिया है। वह मोदी-अडाणी जोड़ी की राजनीति अक्सर करते रहे हैं। उन्होंने यहां तक भी दावा किया है कि प्रधानमंत्री अडाणी को गिरफ्तार नहीं करने देंगे, क्योंकि अंतत- वह भी जेल जाएंगे। राहुल गांधी की यह राजनीति अनैतिक है। वह खुद जमानत पर हैं। वह देश की प्रतिष्ठा और छवि को भी कलंकित कर रहे हैं। यदि उनके पास मोदी-अडाणी मिलीभगत के कोई ठोस प्रमाण हैं, तो वह अदालत में जा सकते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आप माया हैं और शिवजी भगवान हैं। आप दोनों समस्त जगत के माता-पिता हैं। ( यह कहकर ) मुनि पार्वतीजी के चरणों में सिर नवाकर चल दिए। उनके शरीर बार-बार पुलकित हो रहे थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जाइ मुनिन्ह हिमवंतु पठाए। करि बिनती गिरजहिं गृह ल्याए॥**
**बहुरि सप्तरिषि सिव पहिं जाई। कथा उमा कै सकल सुनाई॥**
मुनियों ने जाकर हिमवान को पार्वतीजी के पास भेजा और वे विनती करके उनको घर ले आए, फिर सप्तर्षियों ने शिवजी के पास जाकर उनको पार्वतीजी की सारी कथा सुनाई॥
**भए मगन सिव सुनत सनेहा। हरषि सप्तरिषि गवने गेहा॥**
**मनु थिर करि तब संभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥**
पार्वतीजी का प्रेम सुनते ही शिवजी आनन्दमग्न हो गए। सप्तर्षि प्रसन्न होकर अपने घर (ब्रह्मलोक) को चले गए। तब सुजान शिवजी मन को स्थिर करके श्री रघुनाथजी का ध्यान करने लगे॥
**तारकु असुर भयउ तेहि काला। भुज प्रताप बल तेज बिसाला॥**
**तेहिं सब लोक लोकपति जीते। भए देव सुख संपति रीते॥**
उसी समय तारक नाम का असुर हुआ, जिसकी भुजाओं का बल, प्रताप और तेज बहुत बड़ा था। उसने सब लोक और लोकपालों को जीत लिया, सब देवता सुख और सम्पत्ति से रहित हो गए॥ (क्रमशः...)

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता



भारत दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी श्रृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी श्रृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

*अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं।*

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तो? कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि "आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।" आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव प?ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता ब?ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है। इसके अतिरिक्त, मोदी के 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे प्रौद्योगिकी सभी के लिए अधिक सुलभ हो गई है। दस वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा भारत बना है, उसमें विश्व को नयी दिशा देने की क्षमता है। भारत की जनता उन्हें एक नए भारत के अभ्युदय के आधारस्तंभ के रूप में देख रही है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# केजरीवाल को आप के कैडर पर अब नहीं रहा भरोसा

नई तरह की राजनीति करने का दावा कर, राजनीति के मैदान में उतरे अरविंद केजरीवाल अब थकते हुए से नजर आ रहे हैं। शराब घोटाला, डीटीसी बस घोटाला और इस तरह के अनगिनत घोटालों का आरोप झेल रहे केजरीवाल भले ही कितनी भी मजबूती से अपना बचाव करने का प्रयास करें लेकिन शीशमहल ने उनकी छवि पर बड़ा सवालिया निशान तो लगा ही दिया है। जेल से बाहर निकल कर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल भले ही लाख तर्क दें लेकिन भारतीय राजनीति की इस खासियत और इतिहास को भी वह बखूबी समझते हैं और जानते भी हैं। केजरीवाल को यह अहसास है कि आज की तारीख में वह मुख्यमंत्री नहीं है। वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी भले ही सार्वजनिक रूप से यह कहती रहें कि केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए वह यह विधानसभा चुनाव जीतना चाहती हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो को इस बात का अहसास है कि अगर उनकी पार्टी जीत भी गई तो भी एक महिला को हटाकर मुख्यमंत्री बनना उनके लिए आसान नहीं होगा।

शायद यही वजह है कि पार्टी के मूल कैडर से हटकर अरविंद केजरीवाल इस बार दूसरी पार्टियों के बागियों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। असुरक्षा की भावना ने उन्हें इस तरह से घेर लिया है कि इस बार वो पार्टी के विधायक दल में भी पूरी तरह से केजरीवाल को नेता मानने वालों को ही जीता कर लाना चाहते हैं।

**अरविंद केजरीवाल इस बार दूसरी पार्टियों के बागियों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। असुरक्षा की भावना ने उन्हें इस तरह से घेर लिया है कि इस बार वो पार्टी के विधायक दल में भी पूरी तरह से केजरीवाल को नेता मानने वालों को ही जीता कर लाना चाहते हैं।**



यहां यह ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि पार्टी के सुप्रीमो होने और पार्टी पर मजबूत पकड़ होने के बावजूद केजरीवाल जेल में रहने के दौरान तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल से आदेश तो भिजवाते रहे लेकिन बगावत के डर से अपनी पत्नी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने की हिम्मत नहीं कर पाए थे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा 21 नवम्बर गुरुवार को जारी किए गए 11 उम्मीदवारों की लिस्ट में यह भावना साफ-साफ नजर आती है। केजरीवाल ने किराड़ी विधानसभा सीट से अपने मौजूदा विधायक ऋतुराज झा का टिकट काट कर हाल ही में भाजपा से आए इलाके के पूर्व विधायक अनिल झा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा से ही आए ब्रह्म सिंह तंवर को छतरपुर से और बीबी त्यागी को लक्ष्मी नगर से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं कांग्रेस से टिकट के लिए आम आदमी पार्टी में शामिल हुए जुबैर चौधरी को सीलमपुर, सुमेश शौकीन को मटियाला और वीर सिंह धींगान को सीमापुरी से टिकट थमा दिया गया है। कांग्रेस से विधायक रह चुके वीर सिंह धींगान को टिकट देते समय केजरीवाल शायद यह भी भूल गए कि आंदोलन के शुरुआती दौर में उनकी साथी रह चुकी और 2005 से उनके हर संघर्ष में साथ देने वाली स्वर्गीय संतोष कोली ने इनके खिलाफ लंबा संघर्ष किया था।

यानी आम आदमी पार्टी ने अपने 11 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में भाजपा और कांग्रेस से आने वाले 6 नेताओं को टिकट थमा कर यह बता दिया है कि इस बार अरविंद केजरीवाल को आप के कैडर की भाजपा और कांग्रेस के बागियों पर ज्यादा भरोसा है। आप को 59 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान अभी और करना है और यह माना जा रहा है कि आने वाली लिस्टों में भी यही ट्रेंड जारी रहेगा।

**- संतोष पाठक**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं। )**

## राशिफल

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : नवमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सिर दर्द, नेत्र-पीड़ा, अनाब-सनाब खर्चे, खर्च की अधिकता, खराब स्थिति रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय में उतार-चढ़ाव संभव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक उथल-पुथल बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा और व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार मध्यम और नौकरी-चाकरी की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रु हार मानेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। पैरों पर चोट-चपेट लग सकता है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों के सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू,मैं-मैं से बचें। विद्यार्थियों के लिए थोड़ा खराब समय रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
घरेलू सुख बाधित। गृह कलह के संकेत। स्वास्थ्य मध्यम क्योंकि रक्तचाप ऊपर नीचे होता रहेगा। मां का स्वास्थ्य गड़बड़।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
गृह-कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार ठीक-ठाक है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
नाक,कान और गला की परेशानी हो सकती है। अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। बच्चों के सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार मध्यम है।

# संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर पर कल होगा आन्दोलन : सतीश कनारसी

**दनकौर ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के सानिध्य में गांव-गांव जाकर आन्दोलन को मजबूत करने के लिए लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होने वाले आन्दोलन को सफल बनाने के लिए कनारसी,नवादा, लडपुरा, कनरसा, आदि कई गांवों में नुक्कड़ बैठक कर अपील की।



बैठक में किसान एकता संघ के प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने कहा कि संयुक्त रूप से जिले के सभी किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चे के रूप में जिले के किसानों की 10 प्रतिशत विकसित भूखण्ड, नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने, मुआवजा वृद्धि, हाई पॉवर कमेटी की किसानों के हित में दी गई सिफारिश को अमल में लाने के लिए कल 25 नवम्बर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर संयुक्त किसान मोर्चे के तत्वाधान में आर-पार की लड़ाई शुरू होगी। जिले के किसानों के अधिकारों का हनन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता आन्दोलन जारी रहेगा।

इस मौके पर प्रमोद शर्मा, मनीष नागर, प्रिन्स शर्मा, पप्पे नागर, शेरू प्रधान, उम्मेद एडवोकेट, सुभाष भाटी, मोहनपाल, कृष्ण बैसला, रमेश नागर,जीतराम प्रधान, राजेन्द्र शर्मा, आजाद प्रधान, गजेन्द्र सिंह, गिर्राज भाटी,आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**खैरपुर गुर्जर गांव निवासी एवं भाजपा नेता सुनील खारी की माता जी का गत दिवस निधन हो गया था। श्री खारी की माता जी के निधन की खबर पाकर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे दादरी के विधायक तेजपाल सिंह नागर एवं अन्य।**

# कैलाश अस्पताल में गैर संक्रामक रोगों और उनके रोकथाम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल, हार्ट एंड इंस्टीट्यूट में गैर संक्रामक रोगों और उनके रोकथाम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गय। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (IAP) और कैलाश अस्पताल ने किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य NCDs से संबंधित जीवनशैली के विकल्प, पालन-पोषण और रोकथाम के उपायों के बारे में किशोरों और वयस्कों को जागरूक करना था। एक कार्यशाला के बाद यह एक दिवसीय सम्मेलन हुआ, जिसमें NCDs की रोकथाम पर चर्चा की गई।



इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य NCDs की बढ़ती prevalance और रोकथाम के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा करना था। यह विषय अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में NCDs की prevalance समय के साथ बढ़ी है।

उदाहरण के लिए, 1995 में NCDs की prevalance 8.6 प्रतिशत थी, जो अब तीन गुना बढ़ चुकी है। वर्तमान में NCDs भारत में कुल मौतों का 60 प्रतिशत कारण हैं, और यह अनुमान है कि 2030 तक NCDs के कारण मृत्यु दर 75 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।

इस चिंताजनक प्रवृत्ति को देखते हुए, भारत सरकार ने केवल NCDs के इलाज पर ही नहीं, बल्कि उनके रोकथाम पर भी अपने प्रयासों को केंद्रित करने का संकल्प लिया है।

इस पहल का समर्थन करने के लिए, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (IAP) ने संकल्प सम्पूर्ण स्वस्थ मिशन की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य स्कूल के बच्चों, शिक्षकों और माता-पिता को जंक फूड, शुगर ड्रिंक, कार्बोनेटेड बेवरेजेस और फास्ट फूड से बचने के बारे में शिक्षित करना है। यह मिशन खाद्य लेबल पढ़ने और सकारात्मक पालन-पोषण को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है।

सम्मेलन का समापन सभी उपस्थित व्यक्तियों के इस संकल्प के साथ हुआ कि वे NCDs की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूकता फैलाने में एक साथ काम करेंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. अरविंद गर्ग, डॉ. रुचिरा गुप्ता, डॉ. हिमांशु त्यागी, डॉ. सुबाश चंद्र, डॉ. अजीत सक्सेना, डॉ. मोहन, डॉ. दीपा, डॉ. सी. निर्मला (हैदराबाद), डॉ. प्रीति (बैंगलोर), डॉ. उमेश (छत्तीसगढ़), डॉ. जुगेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों से रैली में पहुंचने की अपील




**नोएडा ( चेतना मंच )।** 25 नवंबर (कल) ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होने वाली संयुक्त मोर्चा की महापंचायत को लेकर कल सेक्टर-70 में भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने जनपद के किसानों से रैली में पहुंचने की अपील की।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा कि कल की महापंचायत ऐतिहासिक होगी और इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकट भी शामिल होंगे।

## कविता

### सिर धुनते हैं

धू-धू कर जलते मकान दालान खेत खलिहान,
घरों से खींच कर सड़कों से पकड़ कर
आग के हवाले किए जाते लोग,
पेट्रोल छिड़क कर जलाई जाती बस्तियां ,
सड़कों पर,गलियों नालियों में बहता खून,
लहूलुहान अधजली कटी फटी लाशें
हड्डियों का ढेर, बर्बरता का तांडव,
सीना तान दंभ भरते लोग,
आसमान में उठता धुंआ,
वह कुछ नहीं देखते
उन्हें नहीं सुनाई पड़ती
बेवा हुई स्त्रियों की सिसकियां,
अनाथ बच्चों का रोना,
चौतरफा चीख पुकार,
लाशों के आंकड़े, समाचारों के पुलिंदे,
रेडियो टीवी के ब्योरे,
उन्हें कुछ भी तो नहीं सुनाई पड़ता।
अब हमारे देश में किसी को सुनने की आदत नहीं रही ?
व्यवहार और रिवाज बहरे हो गये।
दंगाई रिवाज नहीं मानते,
वे धर्म मजहब वेशभूषा
और चेहरा देखते हैं।
नेताजी के नारे सुनते हैं।
कुछ लोग अब भी हैं जो
ईश्वर अल्लाह और इंसानियत के नाम पर अपना सिर धुनते हैं।



**डॉ कृष्णावतार त्रिपाठी 'राही'**
**ज्ञानपुर भदोही**

## पृष्ठ एक के शेष....

**भीड़ ने पुलिस पर किया....**

हालात काबू से बाहर होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की।

घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। मस्जिद के चारों ओर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है और इलाके को सील कर दिया गया है। आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। डीएम और एसपी समेत जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं।

मस्जिद के अंदर करीब दो घंटे तक सर्वे चला। टीम ने मस्जिद के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और अपनी प्रक्रिया पूरी की। सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट 29 नवंबर को कोर्ट में पेश की जाएगी।

स्थिति तब और बिगड़ गई जब भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गया। इसके बाद मौके पर तैनात पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। स्थिति काबू से बाहर होने पर पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

पथराव और हंगामे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रशासन ने जामा मस्जिद के चारों ओर बैरिकेडिंग कर इलाके को सील कर दिया है। मौके पर डीएम, एसपी और एडीएम समेत जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। आसपास के थानों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

मस्जिद के अंदर सुबह लगभग दो घंटे तक सर्वे चला। कोर्ट कमिश्नर रमेश राधव की अगुवाई में टीम ने मस्जिद के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। सर्वे पूरा होने के बाद टीम वहां से निकल गई। इस मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होनी है, जिसमें सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी।

हिंदू पक्ष की ओर से न्यायालय में जो वाद दायर किया गया है। उसमें उन्होंने हरिहर मंदिर होने का दावा किया है। न्यायालय ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया है। मंगलवार को कोर्ट कमिश्नर ने मस्जिद पहुंचकर सर्वे भी किया था। करीब दो घंटे तक वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई थी। कोर्ट कमिश्नर 29 नवंबर को न्यायालय में रिपोर्ट पेश करेंगे।

**'मन की बात' में....**

जिनके परिवार का कोई भी व्यक्ति राजनीति में नहीं है, ऐसे एक लाख युवाओं को, नए युवाओं को, राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई तरह के विशेष अभियान चलेंगे।'

प्रधानमंत्री ने लखनऊ के रहने वाले वीरेंद्र की तारीफ की, जो बुजुर्गलों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट में मदद कर रहे हैं। इससे बुजुर्गों को पेंशन लेने में मदद मिली है। इसी तरह भोपाल के महेश की तारीफ की, जो बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखा रहे हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने चेन्नई की प्रकृत अरिवगम और बिहार के गोपालगंज की प्रयोग लाइब्रेरी की चर्चा की, जो बच्चों में पढ़ने और सीखने की आदत विकसित कर रही हैं।

**सामाजिक समूहों को सराहा**

प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इस अभियान के तहत पांच महीने में ही 100 करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने चेन्नई के कूडुगल ट्रस्ट का जिक्र किया जो गौरेया चिड़िया की आबादी बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। यह चिड़िया हमारे आसपास बायोडायवर्सिटी बनाए रखने में अहम है। साथ ही प्रधानमंत्री ने कचरा प्रबंधन के लिए शुरू हुए इनोवेशन की भी तारीफ की और मुंबई की दो युवतियों का जिक्र किया, जो कतरन से फैशनेबल कपड़े बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे ही कई एनजीओ और सामाजिक समूहों का जिक्र किया, जो देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

**संसद सत्र पर....**

सर्वदलीय बैठक का आयोजन संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, बीजद और अन्य पार्टियों के नेता शामिल हुए। शीतकालीन सत्र सोमवार यानी 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान विपक्ष सरकार को वक्फ संशोधन विधेयक, मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर घेरने की कोशिश करेगा। वहीं उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर भी विपक्ष केंद्र पर हमलावर है।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गौतम अदाणी मामले पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार से सत्र में अदाणी रिश्वत कांड पर चर्चा की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि सोमवार को संसद की बैठक में सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया जाए। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि कंपनी ने अपनी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के लिए राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया।

शीतकालीन सत्र के शुरुआती हफ्ते के अंत में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। हालांकि जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसद रिपोर्ट जमा करने के लिए और समय देने की मांग कर रहे हैं। बैठक में 26 नवंबर को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई।

सरकार ने सत्र में विचार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार पंजाब कोर्ट्स संशोधन विधेयक, मर्चेंट शिपिंग विधेयक, तटीय शिपिंग विधेयक और भारतीय बंदरगाह विधेयक पेश किए जा सकते हैं। इनके अलावा भारतीय वायुयान विधेयक, जो लोकसभा से पारित हो चुका है, वह राज्यसभा में लंबित है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ विधेयक समेत आठ विधेयक लंबित हैं। साथ ही राज्यसभा में दो विधेयक लंबित हैं। एक देश एक चुनाव विधेयक इस संसद सत्र में पेश करने की उम्मीद कम ही है।

**निर्माणाधीन पुल से....**

अधूरे पुल से कार नीचे जा गिरी, जिससे मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई।

जब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे मंजर देख दंग रह गए। कार के आसपास पानी खून से लाल हो गया था। तीनों मृतकों के शवों का फरीदपुर थाना पुलिस द्वारा ही पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रामगंगा नदी के उस पार से तीनों के शव नाव से फरीदपुर की तरफ लाए गए। तीनों मृतकों की शिनाख्त हो गई है। हादसे में मैनपुरी निवासी कौशल कुमार, फर्रुखाबाद के विवेक कुमार व अमित की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार तीनों व्यक्ति सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। यह किसी शादी समारोह में शामिल होकर शार्ट कट रास्ते से बरेली होकर गाजियाबाद जा रहे थे।

**उपचुनाव नतीजे से.....**

सपा-रालोद गठबंधन को 41644 वोट मिले थे। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को 94205 और सपा को 95606 वोट मिले थे। उपचुनाव में भाजपा-रालोद एक साथ थे। भाजपा-रालोद गठबंधन को 100181 वोट मिले, जबकि सपा घटकर 61788 तक ही पहुंची। इसकी मूल वजह जाट वोटों की लामबंदी बताई जा रही है।

**कुंदरकी : भाजपा ने तोड़ा रिकॉर्ड**

कुंदरकी में विधानसभा चुनाव 2022 में सपा को 125792 और भाजपा को 82630 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव में सपा को 143415 और भाजपा को 86371 वोट मिले थे। पर, उपचुनाव में भाजपा ने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए यहां 168526 वोट हासिल किया और सपा 25334 वोट पर सिमट गई। यहां से भाजपा ने पहली बार जीत दर्ज की है।

**मीरापुर : वोट घटा, लेकिन परीक्षा में पास हुए चौधरी**

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मीरापुर में रालोद को 107421 वोट मिले थे। उस वक्त रालोद सपा के साथ थी। भाजपा को 80041 वोट मिले थे। वर्ष 2024 में सियासी समीकरण बदले और रालोद सपा का साथ छोड़कर भाजपा के साथ आ गई। पर, लोकसभा चुनाव में उसका वोट गिरकर 73320 पर पहुंच गया, जबकि सपा को 63351 वोट मिले। उपचुनाव में रालोद-भाजपा बढ़त के साथ 84304 वोट हासिल किए और सपा को सिर्फ 53508 वोट मिले। यहां वोट घटने के बाद भी जयंत चौधरी परिवार सियासी परीक्षा में पास हो गया।

**मझवां : मान-मनौव्वल में कामयाब रही भाजपा**

मझवां में वर्ष 2022 के दौरान निषाद पार्टी और भाजपा को 103235 और सपा को 69648 वोट मिले थे। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 94061 और सपा को 92299 मिले। उपचुनाव में भाजपा और सपा दोनों के वोट घटे हैं। भाजपा को यहां 77737 तो सपा को 72815 वोट मिले हैं। कांटे के मुकाबले में भाजपा का मान-मनौव्वल का फॉर्मूला कारगर रहा।

**सीसामऊ : कायम रहा सपा का रुतबा**

सीसामऊ में वर्ष 2022 में सपा को 79163 और भाजपा को 66897 वोट मिले थे। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोटबैंक गिरा और 55365 पर पहुंच गया और सपा-कांग्रेस गठबंधन को 95264 वोट मिले। उपचुनाव में सपा का वोटबैंक घटकर 69714 पर पहुंच गया, लेकिन चुनाव जीतने में कामयाब रही। यहां भाजपा को सिर्फ 61150 वोट मिले।

**जगद्गुरू कृपालु महाराज .....**

इस हादसे में दो कारों में सवार छह महिला समेत आठ लोग घायल हो गए। सभी मथुरा वृंदावन गए थे। वहां से मंदिर के दर्शन करके वापस दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और सरकारी एंबुलेंस सेवा 108 की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची घायलों को तत्काल जिम्स अस्पताल पहुंचाया गया है।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि हादसे में घायव कुंडा प्रतापगढ़ निवासी हंसा पटेल, कंचन पटेल व दिल्ली निवासी गरिमा गुप्ता, संजय मलिक, दीपक भरेजा, विशाखा त्रिपाठी, श्यामा त्रिपाठी, कृष्णा त्रिपाठी को जिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान विशाखा त्रिपाठी की मौत हो गई।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया है। वहीं हादसे के बाद कैंटर चालक को हिरासत में लिया गया है। जांच में हादसे का कारण तेज गति और लापरवाही बताया जा रहा है।

**गौतमबुद्धनगर में धारा....**

प्रशासन की अनुमति से ही कोई कार्यक्रम या जुलूस निकाला जा सकेगा। गौतमबुद्ध नगर में लागू धारा 163 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई समूह या संगठन बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होता है या विरोध प्रदर्शन करता है तो डीएम इस मामले में तत्काल कार्रवाई कर सकेंगे। जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) को 1 जुलाई 2023 से लागू किया गया है। इसके तहत प्रशासन को धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के अधिकार दिए गए हैं। पहले इसे भारतीय दंड संहिता में धारा 144 के नाम से जाना जाता था। धारा 163 के तहत स्थानीय प्रशासन किसी आपातकालीन स्थिति या किसी बड़ी परेशानी को नियंत्रित करने के लिए इसे किसी खास क्षेत्र या पूरे जिले में लागू कर सकता है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## खास खबर

### नेपाल के पीएम पी शर्मा ओली जाएंगे चीन

**काठमांडु।** नेपाल के पीएम के पी शर्मा ओली ने कहा कि चीन की उनकी आगामी आधिकारिक यात्रा काफी सफल रहेगी। कार्यभार संभालने के बाद किसी पड़ोसी देश की यह उनकी पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि वह 2 दिसंबर को चीन की यात्रा पर जा रहे हैं और यह महज एक दौरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वह यात्रा के दौरान लोगों और देश के हित को ध्यान में रखेंगे। ओली ने साफ कहा कि वह यात्रा के दौरान चीन से ऋण मांगने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादकता बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। हालांकि, सरकार ने अभी तक आधिकारिक तौर पर ओली की यात्रा और कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है।

### इजरायल ने कमांडर खालिद अबू-दाका को मार गिराया

**यरुशलेम ।** इजरायली सेना ने शुक्रवार को फलस्तीन पर हमला तेज करते हुए इस्लामिक जिहाद आतंकी समूह की रॉकेट यूनिट का कमांडर खालिद अबू-दाका को मार गिराया है। आईडीएफ और इजरायल सुरक्षा बलों (शिन बेट) के संयुक्त बयान में कहा गया है उन्हें एक और बड़ी सफलता मिली है। बयान में यह भी कहा गया है कि अबू-दाका को उस समय निशाना बनाया गया, जब वह मध्य गाजा में डेर अल-बलाह मानवीय क्षेत्र में काम कर रहा था। बता दें कि इजरायल में पिछले साल सात अक्टूबर को हुए हमले में अबू-दाका ने ही अटैक की निगरानी की थी। बयान के अनुसार, इजरायल ने हमले से पहले नागरिकों के लिए जोखिम को कम करने के लिए व्यापक उपाय किए थे।

### कबाड़ गोदाम के परिसर में लगी आग

**ठाणे ।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में एक कबाड़ गोदाम परिसर में आग लग गई। नगर निकाय के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया कि फातिमा नगर इलाके में कबाड़ के गोदाम के परिसर में शाम करीब 4.45 आग लगी थी। आग लगने की सूचना मिलने के बाद भिवंडी-निजामपुर सिटी नगर निगम (बीएनएमसी) की तीन और कल्याण-डोंबिवली नगर निकाय की एक दमकल गाड़ी को मौके पर भेजा गया।

### 70 साल के एक बुजुर्ग ने किया बलात्कार

**मंगलुरु ।** मंगलुरु में उल्लाल थानाक्षेत्र के पुनी गांव में तीन साल की एक बच्ची का 70 साल के एक बुजुर्ग द्वारा कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने का मामले आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलुरु के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय दुकानदार 70 वर्षीय अब्दुल्ला को मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी मुडांगरकट्टे में रहता है और वह मूल रूप से पुत्तूर का निवासी है। उन्होंने बताया कि बच्ची एक दुकान के पास खेल रही थी तभी अब्दुल्ला ने बच्ची के साथ बलात्कार किया, इससे बच्ची को रक्तस्राव होने लगा और वह जोर-जोर से रोने लगी।

# पेड़ से टकराई कार, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

▸ तीन लोग गंभीर रूप से घायल, अस्पताल ने कराया भर्ती

एजेंसी

**बिजनौर ।** बिजनौर जिले में एक कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण उसमें सवार एक महिला और उसके दो बच्चों सहित एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पूर्वी क्षेत्र के एक पुलिस



अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे नजीबाबाद से नहटौर के गांव नसीरपुर जा रही स्कार्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। एएसपी ने बताया कि कार सवार सुलतान की पत्नी गुलफ्सा (28), आठ दिन की उसकी बेटी अनादिया, बड़ी बेटी अलीशा (छह) और बहन चांद बानो (35) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चला रहा सुलतान और उसका पांच वर्षीय बेटा शाद और भांजी अदीबा (14) गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वाले गिरफ्तार, भेजे गए जेल



एजेंसी

**हाजीपुर।** बिहार के गया के मानपुर रेलखंड क्षेत्र में 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों पर पथराव करने वाले दो अभियुक्तों को आरपीएफ ने दबोच लिया। दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया साथ ही ये भी बताया कि वो दूसरी रेल गाड़ियों को भी अपना शिकार बनाने वाले थे। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल की सक्रियता की वजह से अन्य गाड़ियां शिकार होने से बच गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गया के मानपुर के रहने वाले विकास कुमार और मनीष कुमार के रुप में हुई है। 16 नवंबर को एक्स (ट्विटर) पर शिकायत मिली कि गाड़ी संख्या 20894 डाउन (पटना टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस) एवं गाड़ी संख्या 22304 डाउन ( गया हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस) में गया से गाड़ी खुलने के बाद मानपुर रेल खंड मध्य के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पत्थर मारा गया है। हमले में ट्रेन के विंडो का शीशा क्रैक हो गया।घटना की सूचना मिलने के बाद गया पद्धऋ ने विशेष टीम गठित कर घटनास्थल के पास छापेमारी करते हुए एंबुश वॉच किया गया।

## दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का कारण ग्लोबल वार्मिंग और बदलता मौसम

▸ सीएक्यूएम रख रहा नजर, उचित उपाय करने राज्यों को सौंपी जिम्मेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली इन दिनों गंभीर वायु प्रदूषण से जूझ रही है, जिससे शहरवासियों को सांस लेना भी दूभर हो गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को प्रदूषण की निगरानी करने और कई राज्यों को उचित उपाय करने के लिए मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वायु प्रदूषण का मुख्य कारण पंजाब और हरियाणा में जलाई जाने वाली पराली को माना जा रहा है, लेकिन इस साल पराली जलाने पर रोक लगाने के बावजूद भी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर रिकॉर्ड तोड़ रहा है।




प्रदूषण में खतरनाक वृद्धि के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पहचाने गए प्रमुख कारकों में से एक असामान्य मौसम पैटर्न है। आयोग के एक तकनीकी सदस्य ने बताया कि पिछले साल नवंबर में घने कोहरे ने मौसमी गतिविधियों को काफी हद तक बदल दिया है। घना कोहरा जो पहले इस अवधि में असामान्य था उसने वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण का संकट बढ़ गया है।

पिछले दो हफ़्तों में बढ़े प्रदूषण स्तर ने आयोग की चिंता बढ़ा दी है, जिससे मौसम की स्थिति पर फिर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है क्योंकि यह एक प्रमुख कारक है। उन्होंने बताया कि पिछले 20 साल में औसतन नवंबर में आधे दिन तक घना कोहरा दर्ज किया जाता था। हालांकि, इस साल लगातार और तीव्र धुंध ने स्थिति को जटिल बना दिया है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गई है। हाल के वर्षों में वैश्विक तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां दुनिया भर के शहरी वातावरण में तेजी से देखने को मिल रही हैं। भारतीय मौसम विभाग से जुड़े एक अनुभवी विशेषज्ञ ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर के महीनों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण भारत के मैदानी इलाकों में बारिश होती है। इस साल बारिश नहीं हुई है। बारिश ना होने से एक प्राकृतिक तंत्र नष्ट हो गया है, जो आमतौर पर प्रदूषकों को फैलाने और वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। बारिश की कमी ने दिल्ली में प्रदूषण संकट को बढ़ा दिया है।

### असम में सड़क हादसे में पांच की मौत, दो घायल

**गोलपारा।** असम के बजाली जिले में शनिवार तड़के सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की चपेट में आए लोग नलबाड़ी से रास उत्सव देखने के बाद अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि भबानीपुर में उनकी वैन ट्रक से टकरा गई, जिससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आशीष हबीब खान, मिजानुर रहमान, रॉयल खान, मिजानूर खान और मोइनुल हक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान आमिर खान और काजी चक्र अहमद के रूप में हुई है।

## किसानों पर पुलिस की कार्रवाई से किसान नेता हुए नाराज

आंदोलन और तेज करने की चेतावनी

एजेंसी

**बठिंडा।** बठिंडा के दूनेवाला गांव में किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस झड़प की वजह भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहित जमीन के मुआवजे में बड़े अंतर को लेकर था। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस कार्रवाई को लेकर किसान नेता नाराज हो गए और आंदोलन को और तेज करने की बात कर रहे हैं। पंजाब के कई हिस्सों से सुबह किसान बठिंडा के माइसर खाना गांव में जुटने लगे। संगरूर से आए किसानों ने पुलिस की नाकेबंदी तोड़कर दूनेवाला गांव में प्रवेश किया। यहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। करीब 30-35 मिनट तक यह झड़प होती रही, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के बाद किसानों ने भी पुलिस पर पथराव कर दिया। इस झड़प में कई पुलिस कर्मचारी व किसान जख्मी हो गए। जिला प्रशासन की तरफ से वीरवार को गांव शेरगढ़, भगवानगढ़ व दुन्नेवाला में प्रोजेक्ट के लिए जमीन को अधिग्रहित किया था। इसका किसानों ने विरोध भी किया, लेकिन किसान यूनियन उगराहां ने ऐलान किया कि पूरे पंजाब के किसान इकट्ठे होकर प्रशासन द्वारा लिए गए कब्जे को वापस किसानों को कब्जा दिलाएंगे।

## नेतन्याहू के गिरफ्तारी वॉरेंट के फैसले पर अमेरिका भड़का

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट के गिरफ्तारी वारंट जारी होने के अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के फैसले को खारिज कर दिया है जिन पर मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों का आरोप है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने इस फैसले को लेकर कहा कि हम इजराइली अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अदालत के फैसले को मौलिक रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने वारंट मांगने में अभियोजक की जल्दबाजी की आलोचना की और परेशान करने वाली प्रक्रिया की त्रुटियों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस मामले पर आईसीसी के अधिकार क्षेत्र की कमी के बारे में स्पष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियोजक चाहे कुछ भी कहे, कोई सबूत नहीं है। व्हाइट हाउस अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए इजराइल सहित अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने फिर पुष्टि की, हम मौलिक रूप से इस बात को खारिज करते हैं कि स्थिति पर आईसीसी का अधिकार क्षेत्र है, और इसलिए यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हम बहुत स्पष्ट हैं और हम इसे जारी रखेंगे।

### यूएस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तहव्वुर राणा

**वॉशिंगटन।** मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। इसी साल 15 अगस्त को अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत तहव्वुर को भारत भेजे जाने का फैसला सुनाया था। इस फैसले के खिलाफ ही राणा सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन राणा ने पिछले साल फेडरल कोर्ट नाइंथ सर्किट में एक याचिका दायर की थी। उसने गुहार लगाई थी कि सुनवाई तक उसे भारत को न सौंपा जाए, जिसे खारिज कर दिया गया था।

## भारत में 46 प्रतिशत लोग एआई के एडवांस यूजर

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत के अधिकतर नॉलेज वर्कर्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय नॉलेज वर्कर्स में 46 प्रतिशत लोग एआई के एडवांस यूजर हैं, जो इस मामले में अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया से भी आगे हैं। भारत के बाद, अमेरिका में 34 प्रतिशत नॉलेज वर्कर्स के पास एआई का एडवांस नॉलेज है, जबकि जर्मनी में यह आंकड़ा 32 प्रतिशत, फ्रांस में 26 प्रतिशत और ऑस्ट्रेलिया में 23 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय नॉलेज वर्कर्स एआई के उपयोग से महत्वपूर्ण उत्पादकता लाभ महसूस कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, जो लोग एआई को



सिंपल टूल (स्टेज 1) के रूप में उपयोग करते हैं, वे औसतन प्रतिदिन 104 मिनट बचाते हैं, जबकि वैश्विक औसत लगभग 45 मिनट है। वहीं, अगर एआई को एक स्ट्रैटिजिक पार्टनर के रूप में उपयोग किया जाए (स्टेज 4), तो यह लाभ 127 मिनट प्रतिदिन तक बढ़ जाता है। एटलसियन के एआई उत्पाद प्रमुख, जमील वलियानी ने कहा, एआई की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए कंपनियों को केवल एआई टूल स्थापित करना पर्याप्त नहीं है, उन्हें अपने कर्मचारियों को इसका प्रयोग करने का अवसर भी देना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि टीमों को एआई को एक स्ट्रैटिजिक पार्टनर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित और सशक्त महसूस कराना महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि जो भारतीय संगठन प्रयोगों को बढ़ावा देते हैं और कर्मचारियों को एआई का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने का अवसर देते हैं, वे बेहतर परिणाम प्राप्त करते हैं।रिपोर्ट के अनुसार, एआई के एडवांस यूजर्स में से 96 प्रतिशत का मानना है कि एआई के साथ को-क्रिएशन के जरिए वे काम की क्वालिटी में सुधार कर पाए हैं। इसके अलावा, 87 प्रतिशत एडवांस यूजर्स ने बताया कि उनकी लीडरशिप एआई टूल्स के साथ इनोवेशन और एक्सपेरिमेंट को बढ़ावा देने वाले वातावरण को प्रमुख कारक मानती है, जो उनकी सफलता में मदद करता है।

## भारत में नंबर 1 सोशल मीडिया ऐप बन चुका है एक्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शुक्रवार को दावा किया कि उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स, अब भारत में एप्पल के ऐप स्टोर पर सबसे लोकप्रिय न्यूज ऐप बन चुका है। मस्क ने डोजीडिजाइनर नामक अकाउंट की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए इस उपलब्धि की पुष्टि की। उन्होंने लिखा, एक्स अब भारत में न्यूज के लिए नंबर 1 है।हालांकि, मस्क के इस दावे के बावजूद, एक्स गूगल प्ले स्टोर पर न्यूज और मैगजीन श्रेणी के टॉप चार्ट में शामिल नहीं है। एक्स के यूजर्स की संख्या भारत में लगभग 25 मिलियन (2.50 करोड़) से अधिक है, जो इसे दुनियाभर में तीसरा सबसे बड़ा यूजरबेस बना देती है। यह



प्लेटफॉर्म अमेरिका और यूरोप में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। भारत में एक्स के बढ़ते प्रभाव को देखकर यूजर्स ने सुझाव दिया कि मस्क को इस प्लेटफॉर्म पर क्रिकेट की लाइव-स्ट्रीमिंग सेवा भी शुरू करनी चाहिए। एक यूजर ने लिखा, एक्स पर क्रिकेट देखने का अनुभव शानदार होगा! यहां हर कोई क्रिकेट के बारे में बात करता है, लेकिन एक जगह होनी चाहिए जो सभी चचाओं को एक साथ जोड़ सके। एक अन्य यूजर ने आईपीएल की लाइव स्ट्रीमिंग का सुझाव दिया, यह कहते हुए कि यह एक्स को भारत में और भी लोकप्रिय बना देगा। एलन मस्क ने अक्टूबर 2022 में एक्स को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा और इसे एक फ्री स्पीच प्लेटफॉर्म और वैकल्पिक समाचार स्रोत के रूप में प्रमोट किया। मस्क का लक्ष्य एक्स को एक एवरीथिंग ऐप में बदलने का है, जिसमें जॉब सर्च, ई-कॉमर्स और अन्य सेवाओं के साथ शामिल किया जाएगा। मस्क ने हाल ही में एक नया और अनोखा प्रस्ताव रखा है, जिसमें उन्होंने एक्स पर अपने यूजर्स से मेडिकल डेटा अपलोड करने का आग्रह किया है।

### रूस से खतरे को लेकर अमेरिका सतर्क

**वाशिंगटन ।** अमेरिका रूस से संभावित खतरे को लेकर सतर्क है। अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने रक्षा कंपनियों से सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा है। खुफिया एजेंसियों ने डिफेंस कंपनियों पर रूस की तरफ से नुकसान पहुंचाने या दूसरे खतरे की आशंका जताई है। यह चेतावनी हाल ही में यूरोप में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं की बाद जारी की गई है। इन घटनाओं का जिम्मेदार रूस को ठहराया गया था। नेशनल काउंटर इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी सेंटर द्वारा जारी इस चेतावनी में उन कंपनियों को सतर्क रहने के लिए कहा है जो यूक्रेन जंग में रूस के खिलाफ हथियार मुहैया करा रही हैं। इसके अलावा जो अमेरिकी कंपनिया दूसरे देशों में भी प्रोडक्शन का काम करती हैं।

## किंग कोबरा के बारे में नई खोज है चौंकाने वाली

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** जहरीले सांप किंग कोबरा के बारे में नई खोज चौंकाने वाली है और इसने किंग कोबरा के बारे में एक बड़ा रहस्य उजागर किया है। रिसर्च के अनुसार, ये चार प्रजातियां मुख्य रूप से एशिया, समुद्री दक्षिण-पूर्व एशिया, भारत के पश्चिमी घाट और फिलीपींस के उत्तरी द्वीप लूजोन में पाई जाती हैं। कर्नाटक के अगुंबे स्थित कलिंगा सेंटर फॉर रेनफॉरेस्ट इकोलॉजी के वैज्ञानिकों ने 12 साल तक चली रिसर्च के बाद यह खुलासा किया। डॉक्टर पी गौरी शंकर की अगुवाई में की गई यह रिसर्च 2012 से 2024 तक चली, जिसमें किंग कोबरा की शारीरिक संरचना और



जीन का गहन अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में किंग कोबरा की चार नई प्रजातियों की पहचान की गई। पहली प्रजाति ओफियोफैगस कालिंगा दक्षिण-पश्चिम भारत के पश्चिमी घाट में पाई जाती है, जिसके शरीर पर 40 से कम धारियां होती हैं। दूसरी प्रजाति ओफियोफैगस हन्नाह उत्तर और पूर्वी भारत, अंडमान द्वीप समूह, पाकिस्तान, बर्मा, चीन और थाईलैंड में पाई जाती है, जिसके शरीर पर 50 से 70 धारियां होती हैं। तीसरी प्रजाति ओफियोफैगस बंगारस मलय प्रायद्वीप, ग्रेटर सुंडा द्वीप समूह और दक्षिणी फिलीपींस में पाई जाती है, और इसके शरीर पर 70 से ज्यादा धारियां होती हैं। चौथी प्रजाति ओफियोफैगस सल्वाटाना उत्तरी फिलीपींस के लूजोन में पाई जाती है, जिसके शरीर पर कोई धारियां नहीं होतीं। डॉक्टर पी गौरी शंकर ने बताया कि कई सालों से यह अनुमान लगाया जा रहा था कि किंग कोबरा की एक से अधिक प्रजातियां हो सकती हैं, लेकिन इस शोध ने इसे साबित किया।

## विनाशक होता जा रहा है रूस-यूक्रेन युद्ध, पूरी दुनिया में दिखने लगी दहशत

एजेंसी

**मास्को ।** रूस-यूक्रेन युद्ध ने नए चरण में प्रवेश कर लिया है, जहां विनाश की आशंका चरम पर है। पूरी दुनिया में परमाणु युद्ध को लेकर दहशत दिखाई देने लगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा यूक्रेन को लॉन्ग-रेंज मिसाइलों के उपयोग की मंजूरी देने के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। इसके जवाब में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर पलटवार करते हुए इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल ओरेशनिक का सफल परीक्षण किया है। पुतिन ने कहा कि ओरेशनिक मिसाइल को रोकना अमेरिकी वायु रक्षा प्रणाली के लिए असंभव है। यह



मिसाइल 3 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से चलती है और जमीन और समुद्र दोनों से दागी जा सकती है। आधुनिक गाइडेंस सिस्टम और सटीक मारक क्षमता से लैस यह मिसाइल रूस के हथियार भंडार में सबसे उन्नत हथियारों में से एक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मिसाइल रूस के सैन्य प्रभुत्व को और मजबूत करेगी।

गुरुवार को रूस ने पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से यूक्रेन पर हमला किया। पुतिन ने स्पष्ट किया कि यह अमेरिकी और ब्रिटिश मिसाइलों से रूसी क्षेत्रों पर हुए हालिया हमलों के जवाब में किया गया है। साथ ही उन्होंने अन्य देशों को चेतावनी दी कि अगर उनकी मिसाइलें रूस के खिलाफ इस्तेमाल होती हैं, तो मास्को उन्हें जवाब देगा। हालांकि, पुतिन ने यह भी आश्वासन दिया कि नागरिकों को खतरे से पहले सुरक्षित निकालने के लिए अग्रिम चेतावनी दी जाएगी। रूसी विदेश मंत्रालय ने पुतिन का बयान जारी करते हुए कहा कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर रहा है। पुतिन ने कहा, हमने हमेशा विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन अमेरिका ने दुनिया को वैश्विक संघर्ष की ओर धकेल दिया है।रूस के इस कदम से युद्ध क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ओरेशनिक मिसाइल के परीक्षण और इसके युद्ध में इस्तेमाल की संभावना से न केवल यूक्रेन, बल्कि उसके समर्थक देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। युद्ध में हालिया घटनाओं से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में संघर्ष और तेज हो सकता है, जिससे वैश्विक स्थिरता को खतरा है।

## फ्रांस और नॉर्वे ने इजरायल पर आईसीसी की कार्रवाई का किया समर्थन

एजेंसी

**पेरिस ।** फ्रांस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद देफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) का समर्थन किया है। आईसीसी के प्री-ट्रायल चैंबर ने नेतन्याहू और गैलेंट पर अक्टूबर 2023 से मई 2024 के बीच युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप लगाए हैं। मोहम्मद देफ पर गाजा और इजरायल के क्षेत्रों में युद्ध अपराध करने का आरोप है। फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिस्टोफ लेमोइन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय स्थिरता की गारंटी है और इसके आदेशों का पालन आवश्यक है। फ्रांस ने स्पष्ट किया कि वह दंड से मुक्ति के खिलाफ संघर्ष को अपनी प्राथमिकता मानता है। हालांकि जब नेतन्याहू की संभावित गिरफ्तारी के बारे में पूछा गया, तो प्रवक्ता ने इसे कानूनी रूप से जटिल बताते हुए कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया। साथ ही फ्रांस ने गाजा और लेबनान में सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की, जो हालिया युद्धों में क्षतिग्रस्त हुई हैं। नॉर्वे ने भी आईसीसी की कार्रवाई का समर्थन करते हुए इसे गंभीर अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने में अहम बताया। नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे ने कहा कि आईसीसी निष्पक्ष सुनवाई मानकों के तहत कार्रवाई करेगा। यह घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तनाव को और बढ़ा सकता है।

## खास खबर

### तस्कीन ने की शानदार गेंदबाजी

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरूआत हो चुकी है। पहला टेस्ट मैच एंटीगुआ में खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। क्रेग ब्रेथवेट की कप्तानी में वेस्टइंडीज की टीम बल्लेबाजी करने उतरी और उन्होंने 46 ओवर तक 100 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए अभी तक सबसे ज्यादा रन मिकाइल लुइस ने बनाए हैं। वेस्टइंडीज के लिए सबसे पहले लुइस और क्रेग ब्रैथवेट ओपनिंग करने के लिए उतरे। मिकाइल लुइस अब तक क्रीज पर हैं, लेकिन क्रेग तस्कीन अहमद की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर आउट हो गए। उन्होंने 38 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए कीसी कार्टी आए जो 0 पर ही आउट हो गए। तस्कीन अहमद की गेंद पर ही तैजुल इस्लाम ने शानदार कैच लपका। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए केविन होज आए। जो अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 63 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। अपनी पारी में उन्होंने 2 चौके मारे और रन आउट हुए। पांचवें नंबर पर एलिन एथानाजे आए हैं जो अब तक नाबाद हैं। 22 गेंदों में वह 11 पर खेल रहे हैं।

### आईपीएल नीलामी में भाग लेंगे जोफ्रा आर्चर

**लंदन ।** फिटनेस समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में भाग लेंगे। पूर्व में जोफ्रा आर्चर का नाम शॉर्टलिस्ट से बाहर रखा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आर्चर का नाम आईपीएल नीलामी के लिए प्रारंभिक लॉन्गलिस्ट में था, लेकिन जब 574 खिलाड़ियों की सूची जारी की गई तो उनका नाम शामिल नहीं था। हालांकि, अब यह स्पष्ट हुआ है कि वे नीलामी में भाग लेने के लिए शामिल होंगे। यह भी कहा जा रहा है कि अगर आर्चर 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब में होने वाली नीलामी का हिस्सा नहीं बनते, तो उनके आईपीएल भविष्य को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। नए नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी पहले आईपीएल में खेल चुका है, जैसे आर्चर, और वह नीलामी में नहीं भाग लेता, तो उसे अगले दो वर्षों तक प्रतियोगिता से बाहर रखा जाएगा।

### पीसीब ने अजहर को बनाया युवा विकास प्रमुख

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान अजहर अली को युवा विकास प्रमुख बनाया है। अजहर अभी पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य भी हैं। पीसीबी के अनुसार इसी के साथ ही अजहर की जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाएंगी। अजहर ने सीनियर राष्ट्रीय टीम में आगे बढ़ने से पहले साल 2002 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में अपने करियर को शुरू किया था। साल 2010 और 2022 के बीच उन्होंने 97 टेस्ट और 53 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसमें 9 टेस्ट और 31 एकदिवीय में वह पाक के कप्तान रहे थे। वह 2017 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के भी अहम सदस्य थे।

# पर्थ टेस्ट में आस्ट्रेलिया 104 पर सिमटी

## भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिके कंगारु

▸ भारत की मजबूत शुरूआत, यशस्वी-राहुल ने लगाया अर्धशतक, कुल बढत 218 रनों की हुई




एजेंसी

**पर्थ।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की धमाकेदार शुरूआत हो गई है। भारतीय टीम पर्थ टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और महज 150 रन पर समित गई। इसके बाद कप्तान जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी ने कंगारूओं को क्रीज पर टिकने नहीं दिया। भारत ने महज 67 रन के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिए। पहले दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान टीम भारत से 83 रन पीछे थी। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम 104 रन के स्कोर पर सिमट गई और भारत ने 46 रन की बढ़त हासिल की। पर्थ टेस्ट के पहले दिन भारत के कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। ऑस्ट्रेलिया की घातक गेंदबाजी के आगे टीम इंडिया के बल्लेबाज एक के बाद गिरते गए। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल बिना खाता खोले वापस लौटे तो विराट कोहली सिर्फ 5 रन बना पाए। केएल राहुल को अंपायर के विवादित फैसला का शिकार होना पड़ा। डेब्यू कर रहे नीतीश कुमार रेड्डी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए जबकि ऋषभ पंत ने 37 रन की पारी खेल भारत के स्कोर को 150 रन तक पहुंचाया।

भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर पर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 59 रन पर टीम के 7 विकेट गिर चुके थे। भारतीय टीम के कप्तान बुमराह ने चार विकेट झटके जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 कंगारू बल्लेबाजों को आउट किया। डेब्यू कर रहे हर्षित राणा ने एक विकेट अपने नाम किया।

## पर्थ टेस्ट में अश्विन और जडेजा को नहीं खिलाने से गावस्सकर हैरान



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट पर्थ में खेला जा रहा है। पहला दिन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा था जिसमें भारत के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट गिरा दिए थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर भारत के खेल से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा था कि मैनेजमेंट को नीतिश रेड्डी को नहीं खिलाना चाहिए था। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि जडेजा और अश्विन दोनों को खेलना चाहिए था, लेकिन रेड्डी ने पहले ही मैच में 41 रन की पारी खेलकर सभी का दिल जीता। गंभीर की कोचिंग में नीतिश ने डेब्यू किया। सुनील गावस्कर ने कहा कि अश्विन और जडेजा के न खेलने से वाकई हैरानी हुई है। उन्होंने टेस्ट मैचों में मिलकर 900 विकेट लिए हैं। वे ऐसे गेंदबाज नहीं हैं जो सिर्फ भारत की स्थिति में खेल सकें। वे काफी चतुर गेंदबाज हैं और वे बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं। भले ही वे आपको विकेट न दिला पाएं, लेकिन वे अपनी चतुराई भरी गेंदबाजी के कारण रन बनाने की गति को स्लो कर सकते हैं। गावस्कर ने नीतीश रेड्डी को चुनने के फैसले की आलोचना की जिन्होंने अपने घरेलू करियर में सिर्फ 23 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। गावस्कर का मानना ??है कि इस खिलाड़ी को टेस्ट क्रिकेट में ढालने के लिए कुछ और समय दिया जाना चाहिए था।

# बुमराह ने वसीम अकरम का तोड़ा रिकॉर्ड



एजेंसी

**पर्थ ।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर एक नहीं, बल्कि 5 रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। बुमराह ने चार विकेट चटकाने के बाद दूसरे दिन विपक्षी टीम के विकेटकीपर एलेक्स कैरी को आउट कर अपनी पांच विकेट हॉल पूरी की। इसके साथ ही, वह टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट हॉल लेने वाले भारत के पांचवें कप्तान बन गए हैं। अब तक विशेष उपलब्धि का हिस्सा केवल बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, अनिल कुंबले और वीनू मांकड़ नाम रहे थे। बुमराह का नाम भी अब इस खास सूची में जुड़ गया है। इसके साथ ही, पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम का भी एक रिकॉर्ड टूट गया। बुमराह ने कैरी के रुप में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना 37वां शिकार किया। इस तरह बुमराह 1990 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई तेज गेंदबाज बने है। उन्होंने अकरम के 36 विकेट के आंकड़े को पीछे छोड़ा। इसके अलावा, बुमराह अब विदेशों में टेस्ट मैचों में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भारतीय गेंदबाजों में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस सूची में इशांत शर्मा को बराबरी पर छोड़ा है। सबसे ज्यादा बार यह उपलब्धि हासिल करने वाले गेंदबाज कपिल देव हैं। बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक बार फाइव विकेट हॉल लेने के मामले में जहीर खान और इशांत शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। इन तीनों गेंदबाजों ने 11-11 बार यह उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा, बुमराह ने एशियाई देशों के गेंदबाजों में एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत के मामले में वसीम अकरम को पछाड़ते हुए पहले स्थान पर कब्जा किया है। बुमराह अब एसईएनए देशों में टेस्ट क्रिकेट में एशियाई गेंदबाजों के बीच सर्वाधिक फाइव विकेट हॉल लेने के मामले में टॉप 5 में आ चुके हैं, जहां पहले स्थान पर वसीम अकरम का नाम है।

# मिचेल स्टार्क को हर्षित की गेंद छोड़ना पड़ा महंगा



एजेंसी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया टीम इंडिया टीम के सामने बेबस और लाचार नजर आ रही है। पहली पारी में इंडिया को 150 रन पर समेटने के बाद उन पर भारतीय गेंदबाजों ने जोरदार आक्रमण किया और कंगारुओं को संभने का मौका नहीं दिया। पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन के खेल में एक बड़ा हादसा होते-होत बचा गया। हर्षित राणा की तेज रफ्तार गेंद को छोड़ने की जगह आगे अपना सिर कर दिया और गेंद हेलमेट पर लगी। पर्थ टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिस तरह से इंडिया टीम ने शुरूआत की उम्मीद की जा रही थी कि कप्तान जसप्रीत बुमराह ने अपने ओवर की पहली गेंद पर विकेट चटकाया। इसके बाद हर्षित राणा ने दूसरा विकेट लिया। मिचेल स्टार्क भारतीय टीम की और से डेब्यू कर रहे राणा की गेंद बिल्कुल भी नहीं समझ पा रहे थे। मिचेल स्टार्क को हर्षित राणा ने तीसरी गेंद बाउंसर डाली जिसे छोड़ने की जगह वह हेलमेट आगे कर बैठे। बॉल सीधा सिर पर आकर लगी शुक्र है कि उनको गंभीर चोट नहीं लगी। इस तरह से अगर तेज रफ्तार बॉल को सीधा हेलमेट पर लिया जाए तो बल्लेबाजी बुरी तरह से चोटिल हो सकता है। पर्थ टेस्ट में गंभीर हादसा होते होते बच गया।

## प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पायेंगे पंड्या




एजेंसी

**मुम्बई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें। मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम - 12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुमार्ना लगा था। बता दें कि टूनार्मेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

## एशिया कप के लिए जूनियर पुरुष हॉकी टीम रवाना

**बेंगलुरु ।** आगामी 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेंगलुरु से रवाना हो गई। इस टूनार्मेंट में भारत ने अब तक चार बार खिताब जीता है। पिछले साल, उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर अपना चौथा खिताब हासिल किया था। इस बार, टूनार्मेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, और भारत को पूल ए में कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ रखा गया है। पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, इसके बाद 28 नवंबर को जापान के खिलाफ, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ और 1 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ मैच खेलेगा।

# लगातार तीन टी20 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने तिलक वर्मा



एजेंसी

**राजकोट।** भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैदराबाद के लिए मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में अपने विस्फोटक शतक के बाद एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष या महिला क्रिकेट में लगातार तीन टी 20 शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 2007 में शुरू हुए टूनार्मेंट के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी दर्ज किया। मैच के दौरान तिलक ने सिर्फ 67 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। उनके रन 225.37 के स्ट्राइक रेट से आए। 22 वर्षीय तिलक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर से बाहर लगातार दो शतक, सेंचुरियन में 107* और जोहान्सबर्ग में नाबाद 120 रन बनाकर टूनार्मेंट में प्रवेश किया। वह द्विपक्षीय श्रृंखला में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' बने, उन्होंने चार मैचों में 140.00 की औसत और लगभग 199 के स्ट्राइक रेट से 280 रन बनाए। वह टी20 क्रिकेट में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। महिला क्रिकेट में, महाराष्ट्र की ओर से खेल रही किरण नवगिरे ने 2022 में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में नागालैंड की ओर से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 162 रन बनाए थे। तिलक ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज डिप्पू संगमा की 18 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने एसएमएटी में पिछला सर्वोच्च स्कोर बनाया था, उन्होंने 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए 71 गेंदों में सात चौकों और 15 छक्कों की मदद से 147 रन बनाए थे। तिलक उन पांच खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें मुंबई इंडियंस (एमआई) ने रविवार से सोमवार तक होने वाले 2025 सीजन के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी से पहले रिटेन किया है। 2022 में अपने डेब्यू सीजन से लेकर अब तक फ्रैंचाइज के लिए 38 मैचों में उन्होंने 39.86 की औसत से 1,156 रन बनाए हैं, जिसमें छह अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* है। उन्होंने 146.32 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। पिछले सीजन में 13 मैचों में उन्होंने 41.60 की औसत और लगभग 150 की स्ट्राइक रेट से 416 रन बनाए थे, जिसमें उनके नाम तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

# अर्शदीप बन सकते हैं सबसे महंगे गेंदबाज : चोपड़ा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। चोपड़ा ने कहा है कि अर्शदीप को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी में 18 से 20 करोड़ रुपए की मोटी रकम मिल सकती है। ऐसे में वह सबसे महंगे गेंदबाज बन जाएंगे। अर्शदीप ने भारतीय टीम की ओर से अबतक टी20 मुकाबलों में 95 विकेट लिए हैं। उन्होंने साल 2019 के बाद से पंजाब किंग्स की ओर से 65 मैचों में 76 विकेट लिए हैं। इस बार पंजाब किंग्स ने नीलामी से पहले ही उन्हें रिलीज कर दिया था। ऐसे में 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के दौरान अर्शदीप पर सभी 10 टीमें बोली लगा सकती हैं।

चोपड़ा ने कहा कि इससे अर्शदीप को 18 से 20 करोड़ मिल सकते हैं, जिससे वह नीलामी में सबसे महंगे गेंदबाज बन जाएंगे। दबाव में वह शानदार गेंदबाजी करते हैं और यही उनका सकारात्मक पक्ष है। वहीं पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि अर्शदीप को 10-15 करोड़ की रकम मिल सकती है। उन्हें यह भी लगता है कि ट्रेंट बोल्ट और हर्षल पटेल के लिए सभी 10 टीमें बोली लगाएंगी। उन्होंने कहा कि बोल्ट नई गेंद से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, लेकिन हर्षल एक भारतीय हैं और पुरानी गेंद से खेलने का कौशल उन्हें आईपीएल में मूल्यवान खिलाड़ी बनाता है।उथप्पा का मानना है कि पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल 2024 सीजन में कमजोर प्रदर्शन के बाद भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सैम कुरेन पर नीलामी में मोटी रकम लगेगी। कुरेन को लेने के लिए केकेआर और आरआर जैसी टीमें भी बोली लगा सकती हैं।

## सीनियर विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी

# टीम सी और टीम ए के बीच खेला गया मैच




एजेंसी

**रांची।** सीनियर विमेंस टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में आज के पहले मैच में टीम सी और टीम ए के बीच जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 11:00 बजे से 01:30 बजे तक खेला गया। जिसमें टीम ए ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ए ने 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 183 रन बनाए। टीम ए की बल्लेबाज नंदिनी कश्यप ने 65 गेंदो में 15 चौको की मदद से 94 रन बनाये , राघवी ने 47 गेंदो में चार चौकों एवं दो छक्के की मदद से 56 रन बनाए। टीम सी की गेंदबाज शरण्या गढ़वाल ने चार ओवरो में 31 रन देकर दो विकेट अर्जित किये। जवाबी पारी में टीम सी ने 19.3 ओवर में ही 5 विकेट खोकर 184 रन बनाकर छहः विकेट से जीत दर्ज की। टीम उ की बल्लेबाज मीनू मनी ने 41 गेंदो में नो चौकों एवं दो छक्के की मदद से 65 रन बनाये एवं श्वेता शेरावत ने 16 गेंदो में पांच चौको की मदद से 23 रन बनाएं, तृप्ति सिंह 21 गेंद में दो चौको एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए, शिप्रा गिरी 15 गेंद में दो चौकों की मदद से 22 रन बनाएं । टीम ए की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पी नायक ने 4 ओवरो मे 27 रन देखकर 2 विकेट अर्जित किए एवं राधा यादव एवं अर्चना ने एक-एक विकेट अर्जित किये ‍इस प्रकार टीम उ ने छहः विकेट से जीत अर्जित की टीम ए के नंदिनी कश्यप को मैन आफ द मैच का अवार्ड जेएससीए के आजीवन सदस्य निरंजन शर्मा के द्वारा दिया गया।

# भारतीय राष्ट्रीय रैली स्प्रिंट चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा गुवाहाटी




एजेंसी


**गुवाहाटी।** दोपहिया वाहनों के लिए एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली स्प्रिंट चैंपियनशिप (आईएनआरएससी) रविवार, 24 नवंबर 2024 को ईस्ट जोन राउंड के लिए गुवाहाटी, असम में आयोजित की जाएगी। एनइएमए गुवाहाटी स्प्रिंट रैली नामक यह आयोजन, गुवाहाटी से 60 किलोमीटर दूर स्थित सुरम्य पीआरपी घाटी में होगा।

रबर के बागानों के बीच में आयोजित यह रैली पहाड़ी इलाकों से होकर चुनौतीपूर्ण सवारी का वादा करती है, जिसमें खड़ी चढ़ाई और अचानक ढलान होती है, जो इसे सवारों के लिए एक वास्तविक परीक्षा बनाती है।


यह आयोजन आईएनआरएससी-2डब्ल्यू के लिए क्वालीफाइंग राउंड के अंतिम दौर को चिह्नित करता है, जो इसे राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खिताब हासिल करने का लक्ष्य रखने वाले प्रतियोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनाता है। इस रैली में पूर्वोत्तर भारत से लगभग 80 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की 11 क्लासेस के अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए एक अलग स्प्रिंट सपोर्ट रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ क्लासें होंगी, जिनमें से प्रत्येक को अपनी ट्रॉफी और पुरस्कार मिलेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवा सवारों को रैली की दुनिया से परिचित कराना और उन्हें प्रतिस्पर्धी लेकिन सुलभ वातावरण में इस रोमांचक मोटरस्पोर्ट फॉर्म का अनुभव करने का मौका देना है।

आईएनआरएससी के प्रमोटर फराद भथेना ने कहा, ₹हम एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली स्प्रिंट चैम्पियनशिप को पूर्वोत्तर और विशेष रूप से गुवाहाटी में लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो हमेशा से इस क्षेत्र में मोटरस्पोर्ट के प्रति उत्साही लोगों का केंद्र रहा है। यह राउंड सवारों के लिए एक रोमांचक चुनौती होने का वादा करता है, जिसमें अद्वितीय पहाड़ी इलाके और पीआरपी घाटी की अलग-अलग परिस्थितियाँ हैं। हम एनइएमए को अपना स्थानीय भागीदार बनाकर भी रोमांचित हैं, और स्प्रिंट सपोर्ट रैली में स्थानीय युवाओं की भागीदारी इस क्षेत्र में खेल के प्रति अधिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में मदद करेगी।₹

सीजन का समापन आईएनआरएससी-2डब्ल्यू के अंतिम राउंड के साथ होगा, जो 14-15 दिसंबर 2024 को पुणे में होगा, जहां प्रत्येक जोन के शीर्ष राइडर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।



दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग नगर में चीन के फिगर स्केटिंग कप के आईएसयू ग्रैंड प्रिक्स में पेयर स्केटिंग शॉर्ट प्रोग्राम के दौरान प्रदर्शन करते फ्रांस के कैमिली कोवालेव /पावेल कोवालेव।



# इलायची अच्छी है



**इलायची चाय के रूप में अच्छी तरह से वजन घटाने व स्वास्थ्य के लिए अच्छी है। इलायची एक जड़ीबूटी है, जो पाचन के लिए और रक्तचाप के लिए अच्छी है।**

इलायची चाय एक महान तनाव बस्टर के रूप में भी एंटीऑक्सीडेंट है. यह शरीर में चयापचय में सुधार। यह हवा, पानी तत्वों, वृद्धि भूख कम कर देता और श्लेष्म झिल्ली दिल से जला, लहसुन और प्याज की वजह से गैस वह सिरदर्द के इलाज के लिए फायदेमंद है। चाय के साथ उबली हुई इलायची सुखदायक सुगन्ध है, जो कि अवसाद से लड़ सकती है। इलायची एक सांस ताजी भी है। इसलिए यह अच्छाई की एक किस्म है, जो स्वस्थ रहने के लिए उपयोगी है।

# प्रेग्नेंसी में करें सेफ ट्रैवलिंग

**प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाएं कई खट्टे-मीठे अनुभवों, कई उतार-चढ़ावों से गुजरती है। प्रेग्नेंसी के तीन चरण होते है। पहला ट्राइमेस्टर, दूसरा और तीसरा ट्राइमेस्टेर। प्रेग्नेंसी के दौरान बहुत देखभाल की जरूरत होती है ऐसे में बहुत ज्यादा ट्रैवलिंग न करें, यदि किन्हीं कारणों से ट्रैवल करें तो सेफ ट्रैवलिंग करें। प्रेग्नेंसी के तीन चरणों में से दूसरे चरण में ट्रैवल करना सेफ होता है। आइए जानें कैसे करें प्रेग्नेंसी में सेफ ट्रैवलिंग।**

- प्रेग्नेंसी का दूसरा फेज यानी 3 से 6 महीने के बीच का समय सुरक्षा की दृष्टि से सेफ होता हैं। इन महीनों के दौरान आप आसानी से ट्रैवल कर सकती हैं क्योंकि इन महीनों में मॉर्निंग सिकनेस, अधिक थकान, सुस्ती जैसी शिकायतें कम ही होती हैं।
- सेफ ट्रैवल के साथ ही जरूरी है कि आप इस बात का भी ध्यान रखें कि आपको ऐसी जगहों पर जाने से बचना है जहां किसी संक्रमित बीमारी का प्रकोप फैला हो।
- वैसे तो प्रेग्नेंसी के दौरान हवाई यात्रा सुरक्षित नहीं होती लेकिन किन्हीं कारणों से यदि आपको हवाई यात्रा करनी पड़े तो आपको गर्भावस्था के 14 से 28 सप्ताहों के बीच में ही यात्रा करनी चाहिए।
- लंबा सफर करने से बचें। यदि आप ट्रैवल कर भी रहे हैं तो अपने साथ पानी की पूर्ण सुविधा रखें जिससे पानी की कमी न होने पाए।
- कहीं भी जाने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें और डॉक्टर के निर्दशों का पालन करें।
- ट्रैवल पर जाते समय डॉक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए सभी दवाइयों को अपने साथ रखें और अपने डॉक्टर के पेपर्स और डॉक्टर का नंबर हमेशा अपने साथ रखें। जिससे आपातकालीन में आप उसका उपयोग कर पाएं।
- गाड़ी में यात्रा के दौरान खिड़की खोल कर रखें और सीट बेल्ट को पेट के नीचे बांधे।
- कार में बहुत ज्यादा सिकुड़ कर न बैठे बल्कि पैर फैलाते हुए ऐसे बैठे जिससे आप आसानी से पैर हिला सकें और ऐंठन या अकड़न होने पर आपको अपना पोस्चर बदलने में दिक्कत न हो।
- सीट पर पीछे की तरफ कमर ऐसे टिका कर बैठे जिससे कोई दर्द न हो।
- सफर पर जाने से पहले वहां के माहौल और मौसम की पूरी जानकारी ले लें और उसी हिसाब से कपड़े लेकर जाएं।
- बहुत ज्यादा फैशन के चक्कर में टाइट कपड़े या फिर हील वाली सैंडल इत्यादि का इस्तेमाल न करें।
- ट्रैवल के दौरान कोई भी समस्या होने पर अपने मन से कोई दवा न खाएं अपने डॉक्टर या फिर नजदीकी किसी डॉक्टर से जरूर कसंल्ट कर लें।





## लीवर संक्रमित होने से होता है

# पीलिया

**पीलिया लीवर के संक्रमित होने के कारण होता है। जब आपकी आंखें पीली दिखना शुरू हो जाएं तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। हो सकता है आपको पीलिया के लक्षण हों।**

हर शहर व कस्बे के झाड़-फूंक एवं टोटके या नुस्खे देने वाले अनेक मिल जाते हैं। पर यह पीलिया खानपान में सावधानी बरतने पर अपनी अवधि के दौरान शरीर पर पीला रंग दिखाकर अपने आप ठीक हो जाता है। फिर भी पीलिया की स्थिति में डॉक्टर को दिखाना, दवा, सलाह लेना उचित होता है, अन्यथा यह खतरनाक भी हो सकता है।


**लक्षण** : किसी को पीलिया होने पर उसका सर्वांग पीला-पीला हो जाता है। सबसे पहले उसकी आंखें पीली-पीली सी दिखती हैं, फिर नाखून, दांत, त्वचा, जीभ सबसे पीलापन नजर आने लगता है। वह जिस बिस्तर में सोता है, जो रूमाल व कपड़ा उपयोग करता है, वह भी पीलापन लिए नजर आता है। उसका पेशाब व मल भी पीला हो जाता है। पीलिया के आरंभ होने पर उसके मल का शुरुआती रंग सफेद होता है। जो बाद में पीला होने लगता है। पीड़ित को हाथ-पैर में दर्द होता है। ज्वर चढ़ जाता है। अधिक प्यास लगती है एवं इन्द्रियां निर्बल हो जाती हैं। वह उठने-बैठने से भी लाचार हो जाता है। कोई सहारा लेकर वह ऐसा कर पाता है। पेट में दर्द, डकार व भूख न लगने की शिकायत करता है।

**कारण**: पीलिया पाण्डु-रोग या जांडिस के नाम से जाना जाता है। यह अधिकतर लीवर संक्रमण की स्थिति में होता है। यह बैक्टीरिया, परजीवी वायरस के माध्यम से होता है। जो खुले में रखे खाद्य या पेय पदार्थ के माध्यम से फैलता है। यह गंदे व संक्रमित पानी के माध्यम से भी होता है। मक्खियां व कीड़े इसके संवाहक हैं। यह नवजात शिशु को भी होता है पर उसका कारण बाहरी या संक्रमण न होकर दूसरा होता है। शरीर में लाल रक्त कणिका अपना जीवन पूरा कर नष्ट होता है, तब उसमें से पीला पदार्थ निकलता है, जो लीवर के माध्यम से मल-मूत्र से होकर निकलता है, पर जब यह खून में मिलकर बढ़ते जाता है, तब पीलिया रोग होता है। यह पित्त नली में रुकावट से भी हो सकता है। यह शराब की अधिकता के कारण भी होता है। यह कुछ दवाओं के दुष्प्रभाव के कारण भी होता है। जबकि कुछ बच्चों को मिट्टी खाने के कारण लीवर के संक्रमित होने से होता है। इसका किसी को दूसरी बार प्रकट होना, अत्यधिक खतरनाक होता है। यह तीव्र हो जाने पर पित्त वाहिनी, आमाशय, तिल्ली, पित्ताशय व पेट आदि शरीरांगों की कार्य विधि में रुकावट डालता है।

**बचाव में परहेज जरूरी**: पीलिया हो जाने पर बचाव में परहेज अधिक महत्व रखता है। गरिष्ठ वस्तुएं जैसे मैदे व उड़द की दाल से बचें। पेट में जलन करने वाले पदार्थ न खाएं। तली-भूनी व तेल-घी वाली वस्तुएं न खाएं। तेल मिर्च-मसाला व लाल मिर्च से बचें। मांसाहार व धूम्रपान पूरा छोड़ दें। खोवा, मिठाई जैसी भारी वस्तुएं नहीं खाएं। शक्कर, चीनी, गुड़ का भी उपयोग न करें। अधिक श्रम न कर आराम करें।

**क्या खाएं**: साफ उबला पानी पिएं या मिनरल वाटर लें। नारियल, पानी, जामुन का रस, गन्ने का रस, जौ का पानी, शुद्ध शहद आदि जैसा पेय लें। मठे में नमक जीरा डालकर लें। हल्का, सादा सुपाच्य, गर्म व कम भोजन करें। काली मिर्च, नमक, नींबू भूने, चने लाभदायी हैं। अरहर की दाल, मूंग की दाल, खिचड़ी, दलिया, गेहूं, चावल जैसी वस्तुएं खाद्य पदार्थ में हों। लौकी, करेला, मूली, गोभी, मीठा, नींबू, संतरा, आम, मौसमी, अरबी, आलू, पालक, पपीता, शकरकंद, जिमीकंद, बादाम, चुकंदर, मिसरी, पिप्पल चूर्ण ले सकते हैं।

**भ्रांतियां**: पीलिया को लेकर भ्रांतियां अंधविश्वास, नुस्खेबाजी, टोटके, झाड़-फूंक अधिक करने, पीला कपड़ा पहनने से घर में छींक देने आदि से रोका जाता है। धारणा यह है कि ऐसा करने से पीलिया बढ़ता है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। यह अपनी अवधि पूरी कर अपने आप ठीक हो सकता है। खान-पान, परहेज पर ध्यान देना जरूरी है। दाल, प्रोटीन का श्रेष्ठ माध्यम है उड़द दाल को छोड़ कोई भी दाल खाने से उसका प्रोटीन लीवर की क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को ठीक करता है एवं उसकी कार्य क्षमता बढ़ाता है। अतएव यह अवश्य खाना चाहिए।





# पेट रोग में लापरवाही खतरनाक


पेट रोग से आज कई लोग ग्रस्त हैं। देखा गया है कि लोग अंग्रेजी दवाई से अपना काम चलाते हैं और पेट रोग बार-बार होता है एक बात याद रखना चाहिए कि पेट रोग के गंभीर परिणामों में गठिया रोग, अनिंद्रा, मानसिक रोग, हृदय रोग, ऊर्जाक्षय ओमक्षय, नपुंसकता, बवासीर, भगन्दर, कब्ज आदि की शिकायत होने लगती है। यदि इस रोग का शुरू में ही इलाज कर लिया जाए तो मनुष्य गंभीर परिणामों से बच सकता है।

## आयुर्वेद में इलाज

पेट रोग के लक्षणों में आंव, मरोड़, पेचिस, न्यूकस, कोलाइटीस, आईबीक लीवर सूजन, थकावट, कमजोरी, जुकाम, पैरों की कमजोरी आ जाती है। पुराने पेट रोग से जठाराग्नि मन्द हो जाती है। इसलिए पेट रोग से मुक्ति के लिए कुटल बिल्व पानक सिरप का 20 मी.ली. व हिपैटोगेड दो गोली दिन में तीन बार नाश्ता व खाने के बाद अवश्य लेना चाहिए एवं रात्रि सोते समय, लैवसो-टी एक चम्मच खाकर पानी से निगल लेना चाहिए। यदि गैस व जलन हो तो अल्सेरोमेड दो गोली आधा घंटा खाने के पहले लेना चाहिए। इन औषधियों को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व आयुर्वेद संकाय प्रमुख काय चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य (स्व.) एस.एन. त्रिपाठी ने शोध अनुसंधान एवं अनुभवों के आधार पर दिया जाता है। जिसका निर्माण सूर्या फार्मास्युटिकल्स, राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित, जीएमपी प्रमाणित उद्योग द्वारा जनहित में किया जाता है जो सभी प्रमुख आयुर्वेदिक दुकानों पर उपलब्ध है।







**अल्कोहल से मुक्ति पाने के लिए भारत में तेजी से प्रयास हो रहे हैं। अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो नशा छोड़िये।**

# नलट्रेक्सोन से छुड़ाएं नशे की लत

जिस तेजी से नशा समस्या बढ़ रही है, उसी तेजी से इससे मुक्ति दिलाने के प्रयास भी हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर नशा मुक्ति अभियान जोर पकड़ता जा रहा है और इसे बड़े पैमाने पर सफलता भी हासिल हुई है। लेकिन अभी भी इस दिशा में बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है, क्योंकि तमाम प्रयासों के बावजूद दुनिया के लिए यह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है।

## नशे से अनेक रोग व मौत को बुलावा

अध्ययन तो यह भी बताते हैं कि विश्व स्तर पर यह इंसान को अशक्त बना देने वाला चौथा प्रमुख कारण है। अमेरिका में लगभग चार प्रतिशत लोग अल्कोहल के नशे की गिरफ्त में हैं और पूरी दुनिया में इसकी वजह से लगभग एक लाख ऐसे लोग मौत के शिकार हो रहे हैं, जिनकी जिंदगियों को बचाया जा सकता है। अधिकतर विशेषज्ञों का यह मानना है कि अल्कोहल के प्रति मोह उच्च रक्तचाप, मधुमेह और आर्थराइटिस जैसी ही एक बीमारी है। बहुत से विशेषज्ञ इसे क्रॉनिक रोग भी मानते हैं, जो जीवन पर्यंत पीछा नहीं छोड़ता।

## हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

मनोचिकित्सकों का मानना है कि अल्कोहल के चंगुल से मुक्ति दिलाने के प्रयासों का ही नतीजा था नलट्रेक्सोन नाम की दवा का ईजाद, जिसने बहुत बड़ी संख्या में अल्कोहल के शिकार लोगों को सामान्य जीवन में वापस लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नलट्रेक्सोन एक ऐसी दवा है, जो पीने की इच्छा को कम कर देती है। यह दवा मस्तिष्क के उस भाग को अवरोधित कर देती है, जो अल्कोहल का सेवन करते हुए आनंद का अनुभव करता है। मस्तिष्क के इन भागों के अवरोधित होने के बाद आपको वक्त-बेवक्त अल्कोहल के सेवन की इच्छा नहीं होती और शराब छोड़ना अधिक सरल हो जाता है।

## शराब की ललक छुड़ाए

शराब की ललक को छुड़ाने वाली दूसरी दवाओं की तरह इसे लेते रहने के दौरान आप बीमार भी नहीं पड़ते, लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या यह है कि अल्कोहल के शिकार लोग अबाधित रूप से रोज-रोज इसका सेवन नहीं कर पाते और अगर नियम पूर्वक नहीं लिया जाए तो इसका अपेक्षित असर नहीं हो सकता। नशे के शिकार बहुत कम लोग अपने-आप ही दवा लेते हैं।

कई बार आलस के कारण भी नियमित रूप से दवा नहीं ली जाती, लेकिन अब इस समस्या का समाधान भी ढूंढ़ लिया गया है और नलट्रेक्सोन के एक ऐसे इंजेक्शन का आविष्कार किया गया है, जिसे महीने में एक बार ही लेना पड़ता है और यह दवा के मुकाबले अधिक असरकारी भी साबित होता है। इस इलाज को पूरा करने के लिए कुल तीन महीने में तीन इंजेक्शन देने पड़ते हैं। इससे मरीज को नशा से मुक्ति मिल जाती है। चिकित्सों के एक शोध दल ने बताया कि नशा करना अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना है। इससे अच्छा है स्वास्थ्य के लिए लाभदायक चीजों का सेवन करें।

## नहीं होगी नशे की आदत

इस इंजेक्शन को बाजार में उतारने से पहले परीक्षणों के बहुत लंबे दौर से गुजरना पड़ा है। नॉर्थ कैरोलिना विश्वविद्यालय के जेम्स सी. गरबत तथा उनके सहयोगियों ने एक महीने वाले इस डोज की प्रभावोत्पादकता एवं सुरक्षा से संबंधित गहन परीक्षण किए हैं। यह अध्ययन 24 सार्वजनिक अस्पतालों, निजी क्लीनिकों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। जिन लोगों पर अध्ययन किया गया, उनमें से कुछ को नलट्रेक्सोन का 380 एमजी का इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन, कुछ को 190 एमजी का इंजेक्शन और कुछ को समान मात्रा का प्लेसेबो दिया गया। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि प्लेसेबो की तुलना में 380 एमजी नलट्रेक्सोन इंजेक्शन से 25 प्रतिशत और 190 एमजी इंजेक्शन से अल्कोहल की इच्छा में 17 प्रतिशत की कमी आई। अध्ययनकर्ताओं का मानना है कि अल्कोहल के अभ्यस्त लोग इस इंजेक्शन को सहन कर ले रहे हैं और यह शराब के प्रति उनके मोह को कम करने के प्रयास में बहुत कारगर साबित हो रहा है। इससे अल्कोहल के कारण पैदा हुए अन्य विकारों को भी दूर करने में सहायता मिल रही है।

# चिकित्सक से लें परामर्श

महीने में एक बार इस इंजेक्शन को लगवाने भर से ही काम नहीं चलेगा। इसके अलावा नियमित रूप से अपने चिकित्सक की सलाह लेते रहना भी जरूरी है। चिकित्सक के बताए अनुसार नशा विरोधी अभियान चला रहे समर्थन समूहों द्वारा आयोजित परामर्श सत्रों में शामिल होना भी आवश्यक है। इंजेक्शन लेने के साथ-साथ इस तरह के आयोजनों में शामिल होना, शराब छुड़वाने के प्रयासों को और अधिक बल प्रदान करेगा। अगर आपकी किसी तरह की सर्जरी होने वाली है तो आपके लिए सर्जन को स्पष्ट रूप से यह बताना जरूरी है कि आप नलट्रेक्सोन इंजेक्शन ले रहे हैं। बिना चिकित्सक की सलाह के अपनी खांसी, सर्दी, बुखार, डायरिया जैसी सामान्य बीमारियों में भी दवा न लें, हो सकता है कि उन दवाओं में ऐसा कोई अवयव हो जो नलट्रेक्सोन के साथ मिलकर आपके लिए समस्या खड़ी कर दे। हमेशा ही अपनी दवाओं की सूची साथ लेकर चलें और अपने पास ऐसा कुछ अवश्य ही रखें, जिससे पता चलता हो कि आप इस दवा को नियमित रूप से ले रहे हैं। गाड़ी चलाने से परहेज करें और अगर आपकी उम्र अधिक है तो तेजी के साथ उठना-बैठना आपके लिए ठीक नहीं होगा। जैसे ही कोई साइड इफेक्ट होता हुआ मालूम पड़े, तत्काल ही चिकित्सक से संपर्क करें। इन साइड इफेक्ट्स के अंतर्गत जुकाम, सांस लेने में तकलीफ, अवसाद, आत्महत्या की सोच, पेट में तेज दर्द, असामान्य रक्तस्राव, असामान्य रूप से थकावट, आंखों अथवा त्वचा में पीलापन और उल्टी की शिकायत हो सकती है। अगर ऐसा हो तो तत्काल ही अपने चिकित्सक से संपर्क कीजिए। गर्भवती महिलाओं को यह दवा नहीं लेनी चाहिए। नलट्रेक्सोन का इंजेक्शन लेते रहने के दौरान नारकोटिक्स लेना बहुत ही खतरनाक होता है और यह पहले से मौजूद अवसाद को बढ़ा सकता है।

बहुत सारे अन्य रोगों की तरह शराब का सेवन भी आपको भौतिक एवं मानसिक रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में मरीज के मन और तन दोनों का ही इलाज करना होता है। इंजेक्शन के अलावा आपके चिकित्सक कुछ मनोवैज्ञानिक इलाज की भी सलाह दे सकते हैं। ये इलाज अपना व्यवहार और अपनी मानसिकता बदलने में आपकी सहायता कर सकते हैं। ये आपको शराब का सहारा लिए बिना जीवन की समस्याओं का सामना करना सीखा सकते हैं। इस सिलसिले में मनोचिकित्सक से मिलना और काउंसिलिंग में भाग लेना फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा फैमिली थेरेपी, ग्रुप थेरेपी और अस्पताल में होने वाले इलाज से भी फायदा पहुंच सकता है और शराब के चंगुल से आजादी हासिल की जा सकती है। इससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। और परिवार वाले भी स्वस्थ रहेंगे।




# रैपर हनुमानकाइंड की डेब्यू फिल्म राइफल क्लब की रिलीज डेट आई सामने, अनुराग कश्यप भी दिखाएंगे कमाल



लंबे इंतजार के बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म राइफल क्लब की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म निर्माता आशिक अबू ने आधिकारिक तौर पर इसका एलान करने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट का सहारा लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म की पूरी कास्ट का एक पोस्टर साझा किया। साथ ही बताया कि राइफल क्लब 19 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

### राइफल क्लब की रिलीज से उठा पर्दा

आशिक अबू ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की टीम का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, राइफल क्लब मूवी 19 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में। पोस्टर में विजयराघवन, दर्शन राजेंद्रन, विंसी एलोशियस, सुरेश कृष्णा, सुरभि लक्ष्मी, वाणी विश्वनाथ और विष्णु अगस्त्य शामिल हैं। दिलेश पोथन और मुख्य अभिनेत्री, उन्नीमाया प्रसाद को एक ईसाई दूल्हा और दुल्हन के रूप में दो कुत्तों को पकड़े हुए दिखाया गया है, जबकि फ्रेम में परिवार के अन्य सदस्य शराब के गिलास पकड़े हुए हैं।

### रैपर हनुमानकाइंड का अभिनय डेब्यू

बिग डॉग्स के साथ ग्लोबल म्यूजिक चार्ट में हिस्सा बनाने वाले रैपर हनुमानकाइंड उर्फ सूरज चेरुकट अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वह राइफल क्लब में भीरा नाम के शख्स का किरदार निभाने वाले हैं। उनके किरदार पोस्टर ने पहले से ही उत्साह पैदा किया हुआ है, जिसमें उन्हें बंदूक लहराते हुए दिखाया गया है।
अनुराग कश्यप भी हैं फिल्म का हिस्सा बॉलीवुड के जाने-माने निर्माता और अभिनेता अनुराग कश्यप भी राइफल क्लब में नजर आने वाले हैं। फिल्म में निर्देशक अनुराग कश्यप ने हनुमानकाइंड के पिता का किरदार निभाया है। बता दें कि राइफल क्लब के जरिए अनुराग कश्यप मलयालम सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन आशिक अबू ने किया है, जो पहले वायरस, डैडी कूल, साल्ट एन पेपर, 22 फीमेल कोट्टायम, इडुक्की गोल्ड और मायानाधि जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।



# सूर्या 45 में तृषा संग रोमांस का तड़का लगाएंगे सूर्या

साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का आधिकारिक एलान हो चुका है। निर्माताओं ने सूर्या 45 का पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आर बालाजी संभालेंगे। वहीं, अब अभिनेता की फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है। अभिनेत्री तृषा कृष्णन को कथित तौर पर सूर्या के आगामी प्रोजेक्ट के लिए साइन किया गया है।

### दूसरी बाद साथ काम करेंगे सूर्या-तृषा

सूर्या 45 में एक बार फिर सूर्या और तृषा की जोड़ी बनेगी। यह लगभग दो दशकों के बाद उनका दूसरा सहयोग है। उन्होंने आखिरी बार 2005 की फिल्म आरू में साथ काम किया था। इस नई परियोजना का नाम अस्थायी रूप से सूर्या 45 रखा गया है, जिसका निर्माण ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स द्वारा किया जाएगा।

### एआर रहमान तैयार करेंगे संगीत

प्रोडक्शन हाउस ने 20 नवंबर को इस सहयोग की घोषणा की। तृषा की पूर्व कमिटमेंट के कारण फिल्म की शूटिंग कोयंबटूर में नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान द्वारा तैयार किया जाएगा। इस फिल्म में अब सूर्या और तृषा को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, तृषा के फिल्म के कलाकारों में शामिल होने की खबरों पर आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।



कंगुवा ऑडियो लॉन्च के मौके पर आरजे बालाजी ने सूर्या को निर्देशित करने के बारे में अपनी उत्सुकता साझा की थी, जिनके वे कॉलेज के दिनों से प्रशंसक रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूर्या का उन पर और स्क्रिप्ट पर भरोसा ही इस सहयोग का कारण बना, जबकि उन्होंने अन्य निर्देशकों को मना कर दिया था। कंगुवा को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बाद आरजे बालाजी की फिल्म के लिए काफी उत्सुकता है।

### सूर्या की आगामी फिल्म

वहीं, बात करें सूर्या की फिल्मों के बारे में तो उनकी हालिया रिलीज फिल्म कंगुवा सिनेमाघरों में चल रही है, जिसे ज्यादातर नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं। दरअसल, फिल्म को उनके जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक के कारण नकारात्मक समीक्षाएं मिलीं। वहीं, अब सूर्या की अगली रिलीज कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक तमिल फिल्म होगी, जो अभिनेता की 44वीं फिल्म होगी।



# राम पोथिनेनी की नई फिल्म में भाग्यश्री बोरसे को चुना गया

**राम पोथिनेनी बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। लगातार पांच फिल्में फ्लॉप होने के बाद अभिनेता टिकट खिड़की पर सफलता पाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा बेताब हैं। ऐसे समय में जब अभिनेता कुछ राहत की तलाश में हैं, उन्होंने मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी फेम निर्देशक पी महेश बाबू के साथ एक नई फिल्म साइन की है।**

महेश बाबू पी ने आखिरी बार अनुष्का शेट्टी अभिनीत मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का निर्देशन किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता थी। इस नए प्रोजेक्ट की एक विशेषता यह है कि इसे मशहूर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा पर्याप्त बजट पर बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है और निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म के लिए भाग्यश्री बोरसे को चुना गया है, जो आखिरी बार रवि तेजा के साथ मिस्टर बच्चन में नजर आई थीं। राम मेकओवर के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार अभिनेता देहाती बदलाव से गुजरेंगे, जिसे देख पता चलता है कि फिल्म एक देहाती ड्रामा होगी। काफी समय हो गया है, जब राम किसी गांव के नाटक का हिस्सा बने हैं और शायद यही वजह है कि उन्होंने एक देसी कहानी को चुना। प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवीज ने 19 नवंबर को नई फिल्म के लॉन्च की घोषणा की है। उन्होंने आधिकारिक हैंडल एक्स पर इसे पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, अनटोल्ड इमोशन्स को फिल्माने की खूबसूरत यात्रा की शुरुआत। मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी की सुपर सफलता से उत्साहित निर्देशक पी महेश ने कथित तौर पर एक देहाती ड्रामा लिखा है, जिसमें एक्शन की भरमार है। यह एक चरित्र-आधारित फिल्म है और राम इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राम पहले त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक फिल्म करने वाले थे, लेकिन बजट के मुद्दों और रचनात्मक पहलुओं के कारण इस परियोजना को रोक दिया गया, तब से अभिनेता ने अपना ध्यान महेश की फिल्म पर केंद्रित कर लिया है।

# खुद को चुनौती देने जा रही हूं...

माधुरी दीक्षित को हाल ही में अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन के साथ देखा गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच एक नए इंटरव्यू में माधुरी ने एक नए प्रोजेक्ट का संकेत देते हुए कहा कि वह इस साल खुद को चुनौती देंगी। अभिनेत्री के एलान ने उनके प्रशंसकों को काफी ज्यादा उत्साहित कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित ने साझा किया कि उनका अगला प्रोजेक्ट उनके दर्शकों को आश्चर्यचकित करेगा। अभिनेत्री ने कहा, मैं इस साल खुद को चुनौती देने जा रही हूं। मैं जल्द ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने वाली हूं। यह कुछ बहुत अलग और चुनौतीपूर्ण है, कुछ ऐसा जो मैंने पहले नहीं किया है। इसी दौरान शाहरुख खान के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए, माधुरी ने कोयला की शूटिंग के दिनों को याद किया। इससे पहले दोनों ने फिल्म अंजाम में स्क्रीन स्पेस साझा किया था। अभिनेत्री ने बताया, मैंने शाहरुख से कहा कि हम किस तरह की फिल्में कर रहे हैं? हम या तो एक-दूसरे को मार रहे हैं या खलनायकों से दूर भाग रहे हैं। हम बहुत गंदे और खून से सने कपड़ों वाले किरदारों में हैं। हमे एक साफ सुथरी, खूबसूरत और रोमांटिक फिल्म करनी चाहिए। इसी के बाद दिल तो पागल है बनी।



# खलनायक बन धमाल मचा सकते हैं जयम रवि

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगरा की पिछली फिल्म सोरारई पोटरु, ओटीटी पर काफी बड़ी हिट रही थी। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार सूर्या ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। इस फिल्म के बाद सूर्या के सुधा की एक और पीरियड एक्शन फिल्म, पूरननूरु की घोषणा की गई थी, लेकिन बाद में सूर्या इससे बाहर हो गए थे। इसके बाद से ये फिल्म लगातार कलाकारों के बाहर होने की वजह से चर्चा में रही। एक बार फिर ये फिल्म चर्चाओं में शामिल हो गई है। कई सितारों के फिल्म से बाहर हो जाने के बाद अब ये चर्चा हो रही है कि फिल्म में जयम रवि बतौर खलनायक नजर आने की रेस में सबसे आगे हैं, जिसे पहले दुलकर सलमान निभाने वाले थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए सहमत भी हो चुके हैं। इसके अलावा फिल्म में श्रीलीला के मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म 1960 के दशक की हिंदी विरोधी आंदोलन से संबंधित है।
बता दें कि कंगुवा अभिनेता सूर्या के साथ फिल्म के अन्य कलाकारों का खुलासा करते हुए एक मोशन पोस्टर भी जारी किया गया था, लेकिन बाद में सूर्या ने चौंकाते हुए इससे बाहर हो गए। इसके बाद फिल्म को अमरण अभिनेता शिवकार्तिकेयन के साथ दोबारा से शुरू किया गया। इस फिल्म में फिर मलयालम फिल्मों के मशहूर अभिनेता दुलकर सलमान, नाजरिया और विजय वर्मा भी शामिल हुए, लेकिन बाद में वो भी इससे बाहर हो गए।





# इम्तियाज अली ने कास्टिंग काउच पर कह दी बड़ी बात

मशहूर फिल्मकार इम्तियाज अली ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच से जुड़े मुद्दे पर हाल ही में अपनी राय जाहिर की। गोवा में आयोजित इफ्फी (इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने इस धारणा पर अपने विचार रखा कि क्या व्यक्तिगत सीमाओं को पार करके फिल्म इंडस्ट्री में सफलता प्राप्त की जा सकती है? उन्होंने कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री में निर्देशक के तौर पर 15-20 साल से काम कर रहा हूं, इसलिए मैंने कास्टिंग काउच के बारे में काफी सुना है। एक लड़की आती है, डरती है और महसूस करती है कि उसे समझौता करना पड़ेगा। लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि अगर कोई लड़की या महिला न नहीं कह पाती है, तो यह जरूरी नहीं कि उसका करियर आगे बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा नहीं है कि अगर कोई लड़की समझौता कर ले, तो उसे कोई रोल जरूर मिल जाएगा।
उन्होंने आगे कहा, अगर कोई लड़की नहीं कह सकती है और खुद को सम्मान देती है, तो तभी दूसरे भी उसका सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कास्टिंग से संबंधित निर्णय अक्सर इस बात पर आधारित होते हैं कि क्या फिल्मकार उस व्यक्ति को गंभीरता से ले रहे हैं। इम्तियाज ने कहा, हम जैसे लोग अक्सर यह सोचते हैं कि क्या हमें उस व्यक्ति को गंभीरता से लेना चाहिए या नहीं। हमें उसे कास्ट करने से पहले उसका सम्मान करना चाहिए।

### समझौते से नहीं मिलती सफलता

इम्तियाज अली आगे अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, समझौता करने से फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मिलती है, यह एक मिथक है और इसे समझना जरूरी है। मेरे अनुभव में तो यह बिल्कुल उल्टा है। जो लोग समझौता करते हैं, वे अक्सर अपने करियर से भी समझौता कर लेते हैं।
वर्क फ्रंट की बात करें तो इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला हाल ही में रिलीज हुई थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में नजर आए थे। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# जब जैकलीन फर्नांडीज ने सलमान खान को बताया परिवार, अब किक 2 में फिर से दिखेगी जोड़ी

जैकलीन फर्नांडीज एक बार फिर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ बहुप्रतीक्षित किक 2 में नजर आने वाली हैं। दोनों की जोड़ी को पर्दे पर पसंद करने वाले फैंस इस खबर से काफी ज्यादा रोमांचित हैं। बता दें कि एक समय जैकलीन ने सलमान खान को अपना परिवार बताते हुए कहा था कि वो उनके लिए कुछ भी कर सकती हैं। एक इंटरव्यू में, जैकलीन फर्नांडीज ने बताया था कि कैसे सलमान खान उनके लिए एक गुरु से परिवार बन गए। उन्होंने कहा था कि वह फिल्मों के चुनाव को लेकर आश्वस्त नहीं थीं, लेकिन तब सलमान के साथ किक में काम करना उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। उन्होंने कहा था कि फिल्म किक से उन दोनों के बीच का रिश्ता काफी मजबूत हुआ। बताते चलें कि सलमान किक 2 के अलावा अपनी आगामी फिल्म सिकंदर में भी नजर आने वाले हैं।



# मोदी–योगी पर जनता के भरोसे ने दिलाई जीत : संजीव शर्मा

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद सदर सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता



पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को 63 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। उपचुनाव के बाद विधायक चुने गए संजीव शर्मा का बतौर विधायक कार्यकाल लगभग दो साल का होगा। चुनाव जीतने के बाद संजीव शर्मा का कहना है कि दो साल के अंदर ही पांच साल जितना विकास कार्य कराऊंगा। इनमें दूधेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर बनवाने के साथ ही चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष तौर पर कार्य कराऊंगा।

गाजियाबाद सीट से चुनाव जीतने के बाद संजीव शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि शहर में जाम की समस्या को दूर कराने का प्रयास करेंगे। लाइनपार क्षेत्र में जलनिकासी का मुद्दा है, जिसके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। नालों और नालियों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिससे कि वर्षा के दौरान लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। पेयजल की समस्या को दूर कराने के लिए गंगाजल उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। गाजियाबाद में एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है, उसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो। इसके लिए प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि महामाया स्टेडियम में खेल की सुविधाओं को और बेहतर कराने का प्रयास किया जाएगा, जिससे कि खिलाड़ियों को परेशानी न हो। उपचुनाव में एकतरफा भारी मतों से जीत पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है, उन्होंने मजबूती से चुनाव लड़ाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊपर लोगों को भरोसा है, इसी वजह से मतदाताओं ने एकतरफा भाजपा के पक्ष में मतदान किया है।

संजीव शर्मा गाजियाबाद के नए विधायक बन गए है। उन्होंने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के सिंह राज जाटव को 69 हजार से अधिक मतों से हराया। 25वें राउंड की गिनती के बाद संजीव शर्मा को 96,878 मत मिले, जबकि सपा प्रत्याशी को 27174 मत मिले। तीसरे नंबर पर बसपा के प्रत्याशी पीएन गर्ग रहे, जिन्हें 10729 मत हासिल हुए।



एसीपी ट्रैफिक नोएडा द्वारा ट्रैफिक पुलिस के साथ कंटेनर डिपो तिलपता में चालक/परिचालकों को 'सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा' एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए साथ ही LED डिस्पले पर वीडियो के माध्यम से उन्हें जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस चालकों को सुरक्षित वाहन चलाने की शपथ भी दिलाई गई।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए मांगे नाम

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024–25 के लिए नामांकन करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्यक्षेत्रों जैसे कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल करने वालों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2024–25 से सम्मानित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए उपरोक्त विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति 25 नवंबर 2024 तक निर्धारित प्रारूप पर अपना नामांकन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए नामांकन नियमावली के बिंदु संख्या 5(क) के अनुक्रम में संस्तुतकर्ता द्वारा संलग्न प्रारूप पर स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निदेशक संस्कृति निदेशालय को प्रेषित किया जाएगा।

निदेशक संस्कृति निदेशालय द्वारा परीक्षणोपरांत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी के संस्तुतियों पर मुख्यमंत्री के अनुमोदन उपरांत चयनित व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीमें ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के निर्माण स्थलों पर लगातार एंटी-स्मॉग गन का उपयोग करते हुए पानी का स्प्रे कर रही हैं, ताकि वायु प्रदूषण में सुधार किया जा सके।

# भोपुरा चौक पर भरा कीचड़ का गंदा पानी



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** दिल्ली–एनसीआर के शहर गाजियाबद का एक चौराहा लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। इस चौराहे पर 24 घंटे गंदा गटर का पानी बहता रहता है जिसमें से गुजर कर वाहन चालकों को निकलना पड़ता है।

दिल्ली–गाजियाबाद बॉर्डर पर भोपुरा चौक दिल्ली वजीरबाद रोड पर नाले का गंदा पानी भरा हुआ है। भोपुरा चौक पर नाले का गंदा पानी भरने से लाखों लोग परेशान हो रहे है। पैदल सड़क पार करने वाले लोगों को गन्दे पानी से गुजर कर जाना पड़ रहा हैं। गडियों से लोगो को कीचड़ उनके ऊपर पड़ने से कपड़े तक लोगों के गन्दे हो रहा हैं। वहीं नगर निगम इस मामले में चुप है। हर रोज लोगों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इस चौराहे पर वाहनों की काफी भीड़ रहती है। इस चौराहे से गुजरकर वाहन चालक हिंडन एयरफोर्स की ओर भी जाते हैं।

# उत्तर प्रदेश के विकास का पहिया बनेगा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे

**गौतमबुद्धनगर ( सूवि. )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र



की तस्वीर बदलने के लिए कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़कें रीढ़ का काम करती है। सड़कों के निर्माण होने से सम्बन्धित क्षेत्र का विकास बड़ी तेजी के साथ होता है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र उत्तर प्रदेश का ऐसा क्षेत्र रहा है, जहाँ त्वरित आवागमन का अभाव रहा है। पथरीला क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र वासियों को कई तरह की कठिनाई आती थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुन्देलखण्ड के विकास के लिए विशेष पैकेज दिये और इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए जहाँ बाधों, नलकूलों व तालाबों का निर्माण कराया है वहीं पेयजल परियोजनायें पूर्ण कर ग्रामवासियों को जल आपूर्ति की जा रही है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराना प्रदेश सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड वासियों को बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है। यह एक्सप्रेस–वे बुन्देलखण्ड के जनपद चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन से गुजरते हुए औरैया व जनपद इटावा में लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे में जुड़ जाता है।

**बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे विकास का पहिया :** प्रदेश सरकार बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है। बुन्देलखण्ड वासियों की हर क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि और विकास करना सरकार का ध्येय है। इस क्षेत्र के विकास के लिए जितना ध्यान वर्तमान सरकार ने दिया है। उतना पूर्व में किसी ने नहीं दिया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के निर्माण का शुभारम्भ एवं लोकार्पण भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया। यह एक्सप्रेस–वे 206 किमी लम्बा है। यह जनपद चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर जालौन, औरेया होते हुए इटावा जनपद में लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस वे में मिलता है। अभी यह फोर लेन का होगा जिसे आगे चलकर 6 लेन भी बनाया जायेगा। इसमें 4 रेलवे ओवर ब्रिज, 14 बड़ेपुल, सात रैप प्लाजा, 268 छोटेपुल,18 फ्लाई ओवर और 214 अंडरपास बने है। इस एक्सप्रेस–वे को समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है। इस एक्सप्रेस वे के बनने से बुन्देलखण्ड के 138 ग्राम और औरेया व इटावा के 44 ग्रामों का सीधा जुड़ाव हो गया है।

**किसानों का हो रहा है फायदा :** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के बनने से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल रहा है। किसानों को उनकी उपज की फसलें मण्डियों तक पहुँचाने में शीघ्रता हो रही है। स्थानीय फसल, फल, फूल, सब्जियों, दूध आदि जल्द खराब होने वाली फसलों को बाजारों, मण्डियों तक पहुँचने में शीघ्रता और ताजी होने पर सही मूल्य भी मिल रहा है। यदि किसान अपनी उपज को बाहर की मण्डियों, शहरों में बेचना चाहेगा तो उसका भी उसे फायदा मिलेगा। किसानों को खेती किसानी करने के लिए आवश्यक बीज, खाद आदि भी समय से मिलते रहेगें। किसानो को उनकी फसल का वाजिब मूल्य मिलने से उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो रही है।

**पर्यटन को बढ़ावा:–** सांस्कृतिक धरोहर को संजोये हुए बुन्देलखण्ड अपनी एकता और आपसी भाई चारे के लिए जाना जाता है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से बुन्देलखण्ड समृद्ध है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के बनने से पर्यटकों को देखने के लिए झाँसी का किला, ओरछा का किला, चतुर्भुज का मन्दिर, जहाँगीर महल, ओरछा वन्य जीव अभ्यारण, मध्य प्रदेश में पड़ने वाला खजुराहो आदि नजदीक पड़ते है। कालिजर का किला, चित्रकूट धाम, भरतकूप, राजापुर, कालपी, महोबा, उरई, बटेश्वर आदि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को देखने, दर्शन करने के लिए पर्यटन आकर्षित होगें। इस एक्सप्रेस–वे के बनने से बुन्देलखण्ड पर्यटन का हब बन रहा है। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय लोककला, लोकसंस्कृति, स्थानीय निर्मित वस्तुएं दस्तकारी आदि को बढ़ावा मिलेगा और लोगों की आर्थिक प्रगति के साथ ही रोजगार भी मिलेंगे ।

**स्थानीय उत्पाद एवं रोजगार को मिलेगा बढ़ावा:–** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के निर्माण से स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलना शुरू हो गया है। आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्रीय युवकों को स्वरोजगार के साथ–साथ स्थानीय हस्तकला, दस्तकारी, लोककला, पत्थर की मूर्तियों व खनन सामग्री आदि को बढ़ावा मिल रहा है। इस एक्सप्रेस–वे के बनने से स्थानीय लोग सड़कों के किनारे विभिन्न तरह के खान–पान के लिए दुकानें, रेस्टोरेंट, होटल, ढाबा, वाहन मरम्मत, इलेक्ट्रानिक्स सामानों, स्थानीय खाद्य वस्तुओं, कृषि उपज, स्थानीय लोककला के बर्तन–वस्त्र आदि बेचने की दुकानें खोलकर अपना धन्धा शुरू कर रहे हैं। उन्हें भविष्य में अच्छा लाभ होगा। लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही एक्सप्रेस–वे के किनारे एवं औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योगों, फैक्ट्रियों आदि में भी कुशल, अकुशल श्रमिकों, तकनीशियनों, प्राविधिक शिक्षा प्राप्त युवाओं/युवतियों को नौकरियों मिलेंगी। इससे लोगों को विभिन्न प्रकार के रोजगार का सृजन होगा।

**अन्य एक्सप्रेस–वे से कनेक्टिविटी :** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के निर्माण से पूरा बुन्देलखंड क्षेत्र देश व प्रदेश की राजधानियों सहित अन्य प्रदेशों से भी सीधे जुड़ गया है। दिल्ली की दूरी जो चित्रकूट से 10 से 12 घन्टे पहुंचने का समय लगता था वह कम होकर, 5–6 घंटे हो गया है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस–वे लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे में मिला है, फिर यह पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे आगरा–नोएडा यमुना एक्सप्रेस–वे व बन रहे गंगा एक्सप्रेस–वे में तथा कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, आगरा प्रयागराज जेवर आदि एयरपोर्ट सहित प्रदेश व देश के समस्त एक्सप्रेस–वे से सीधे जुड़ गया है। इससे आवागमन एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में शीघ्रता हो रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र एवं वहाँ के लोगों के विकास के लिए शुरू कराये गये बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के निर्माण से निश्चय ही क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आयेगी।

